RNI:
UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 197
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, सोमवार, 06 नवम्बर, 2023

द अचीवर टाइम्स

एक नज़र

22 अवैध एप और वेबसाइट पर लगा प्रतिबंध

एजेंसी नई दिल्ली। अवैध सट्टेबाजी मामले में केंद्र सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने देश में अवैध सट्टेबाजी पर नकेल कसते हुए 22 अवैध एप और वेबसाइट पर प्रतिबंध का फरमान जारी किया है। अश्विनी वैष्णव के मंत्रालय से जारी प्रतिबंध आदेश के मुताबिक अवैध सट्टेबाजी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल एप्लिकेशन (एप) और वेबसाइट को ब्लॉक किया जाएगा।

नासिक की दो कंपनियों में लगी भीषण आग; ठाणे में पीट-पीट कर 23 साल के युवक की हत्या

मुंबई। महाराष्ट्र के नासिक में दो कंपनियों में रविवार शाम भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। एक अधिकारी ने बताया कि नासिक-पुणे हाइवे के पास स्थित यूनिको केमिकल कंपनी और तिरुपति इंडस्ट्रीज में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने बताया कि शाम 7.52 बजे कॉल आई कि दो कंपनियों में आग लग गई है। आग की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि ऐसा लग रहा है कि आग असल में पेंट बनाने वाली केमिकल कंपनी में लगी और धीरे-धीरे आग बगल वाली कंपनी में भी फैल गई। आग लगने के पीछे का कारण अभी तक साफ नहीं हो सका है। आग बुझाने में करीब 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। क्या कंपनी में कोई फंसा हुआ है, इसके जवाब में अधिकारियों ने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

ठाणे में 23 साल के युवक की हत्या

महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार तड़के एक युवक की हत्या हो गई। पुलिस ने बताया कि चार-पांच युवक स्वप्निल कनाडे (23) को विट्ठलवाड़ी की झाड़ियों की ओर ले गए और वहां उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने स्वप्निल ने इतना मारा की उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हत्या में शामिल लोगों की तलाश की जा रही है।

मैं सचिन जैसा कभी नहीं बन पाऊंगा : विराट कोहली

क्रिकेट के भगवान ने दी बधाई तो भावुक हुए विराट कोहली

एजेंसी

कोलकाता। विराट ने सचिन के वनडे में 49 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की है। सचिन ने ऐसा 452 वनडे पारियों में किया था। वहीं, विराट ने 277 वनडे पारियों में 49 शतक लगाए।

जन्मदिन पर कोहली को मिला सुनहरा बैट

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने विराट कोहली को 49 शतक लगाने पर बधाई दी। हालांकि, मैच के बाद जब कोहली को इस बारे में बताया गया तो वह भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मैं सचिन की कभी बराबरी नहीं कर पाऊंगा।

सचिन ने क्या लिखा था?

सचिन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा था, शानदार खेले विराट। मुझे इस साल 49 से 50 (उम्र में) पहुंचने में 365 दिन लगे थे। मैं आशा करता हूं कि आप अगले कुछ दिनों में 49 से 50 (शतक) के आंकड़े तक पहुंचें और मेरा रिकॉर्ड तोड़ें। बधाई। विराट ने सचिन के वनडे में 49 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की है। सचिन ने ऐसा 452 वनडे पारियों में किया था। वहीं, विराट ने 277 वनडे पारियों में 49 शतक लगाए। विराट ने 101 रन की नाबाद पारी खेली। उनकी पारी और श्रेयस अय्यर के 77 रन की बदौलत भारत ने 50 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 326 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 27.1 ओवर में 83 रन पर सिमट गई। भारत ने यह मैच 243 रन से जीता। यह इस विश्व कप में टीम इंडिया की लगातार आठवीं जीत रही। भारत अब अंक तालिका को शीर्ष पर रहकर खत्म करेगा।

विराट कोहली ने सचिन के संदेश का जवाब दिया

विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। अवॉर्ड सेरेमनी में विराट ने सचिन के संदेश का जवाब दिया। उन्होंने कहा, यह एक बड़ा मैच था। संभवतः टूर्नामेंट की सबसे कठिन टीम के साथ खेलना चुनौतीपूर्ण था। इस मैच से, इस पारी से अच्छा करने की प्रेरणा मिली। क्योंकि यह (शतक) मेरे जन्मदिन पर हुआ, इसलिए यह खास हो गया और लोगों ने इसे मेरे लिए और भी खास बना दिया। धीमी पारी खेलने को लेकर कोहली ने कहा, लोग खेल को कुछ अलग तरीके से देखते हैं। जब सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत करते हैं, तो आपको लगता है कि यह आसान पिच है और हर किसी को इसी तरह खेलना होगा। लेकिन जैसे-जैसे गेंद पुरानी होती गई, स्थितियां काफी धीमी हो गईं। मेरी ओर से बाकी बल्लेबाजों को साफ संदेश था, मेरे आसपास बल्लेबाजी करते रहो। उस नजरिये से मैं खुश था। एक बार जब हमने 315 से अधिक स्कोर कर लिया, तो हमें पता चल गया कि हम पार स्कोर से ऊपर हैं। शतक को लेकर विराट ने कहा, मैं क्रिकेट खेलने का आनंद ले रहा हूं, यह मेरे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। मैं बस इस बात से खुश हूं कि भगवान ने मुझे वह आनंद दिया है। मैं बस इस बात से खुश हूं कि मैं वही कर पा रहा हूं जो मैंने वर्षों से किया है। सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करने पर कोहली ने कहा, अपने हीरो के रिकॉर्ड की बराबरी करना मेरे लिए बहुत खास है। जब बात बल्लेबाजी की आती है तो वह (सचिन) परफेक्ट हैं। यह मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है। मैं उनके जितना अच्छा कभी नहीं बन पाऊंगा। उनके बल्ले से परफेक्शन निकलता था। वे हमेशा मेरे हीरो रहेंगे। मैं जानता हूं कि मैं कहां से आया हूं। मैं उन दिनों को जानता हूं जब मैंने उन्हें (सचिन) टीवी पर देखा है। उनसे इस तरह की तारीफ पाना ही मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

विराट कोहली ने शतक लगाने के बाद यह कहा था

वहीं, विराट कोहली ने शतक लगाने के बाद कहा, यह एक ऐसा विकेट था जिस पर बल्लेबाजी करना मुश्किल था। हमें रोहित और शुभमन से शानदार शुरुआत मिली। मेरा काम इसे जारी रखना था। 10वें ओवर के बाद गेंद ग्रिप और टर्न लेने लगी, धीमी हो गई और फिर मेरी भूमिका काफी देर तक बल्लेबाजी करने की थी। टीम प्रबंधन ने मुझे यही बताया था। श्रेयस ने अच्छा खेला और अंत में हमने कुछ और रन बनाए। एशिया कप के दौरान हमारी काफी बातचीत हुई। हम तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, इसलिए खेल को आगे ले जाने के लिए यह साझेदारी जरूरी थी। कोहली ने आगे कहा, हमारी टीम में हार्दिक नहीं है, इसलिए हमें पता था कि एक या दो विकेट हमें महंगा पड़ सकता है। मैं खेलने का मौका देने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए ऊपर वाले का आभारी हूं।

अनुष्का शर्मा ने क्या कहा?

पत्नी अनुष्का शर्मा ने विराट कोहली के 49वें वनडे शतक पर स्टोरी लगाई। अनुष्का शर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, अपने जन्मदिन पर खुद को तोहफा।

डिविलियर्स ने भी दी बधाई

डिविलियर्स भी कोहली को बधाई देने पहुंचे। कोहली जब शतक लगाने और भारतीय पारी के बाद वापस पवेलियन लौट रहे थे तो डिविलियर्स ने आकर उन्हें बधाई दी।

सभी 200 सीटों पर प्रत्याशी तय

भाजपा विरोधी रहे मलिंगा को भी टिकट

एजेंसी

जयपुर। भाजपा ने देर रात राजस्थान में तीन सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का एलान कर दिया। इसी के साथ प्रदेश की सभी 200 सीटों पर उम्मीदवार तय हो गए हैं। देखिए, किसे कहां से टिकट दिया गया है?

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने आखिरी सूची जारी कर दी है। इसमें बाकी बचीं तीन सीटों पर उम्मीदारों के नामों का एलान किया गया है। भाजपा ने बाड़ी से गिर्राज सिंह मलिंगा, बाड़मेर से दीपक कड़वासरा और पचपदरा से अरुण अमराराम चौधरी को टिकट दिया गया है। मलिंगा रविवार दोपहर को ही भाजपा में शामिल हुए थे। देर रात उन्हें टिकट दे दिया गया। हालांकि, दिन में ही उनकी टिकट पर फैसला हो गया था।

भाजपा पर गंभीर आरोप लगा चुके हैं मलिंगा

मलिंगा पर एक दलित अफसर को पीटने को लेकर केस दर्ज हुआ था। सियासी बाड़बंदी में मलिंगा ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि भाजपा विधायकों को फोन कर 10 करोड़ रुपए के ऑफर दे रही है। मलिंगा ने ये भी कहा था कि पायलट ने भाजपा में आने के लिए 35 करोड़ रुपए का ऑफर दिया है।

भाजपा में शामिल होने के बाद ये बोले थे मलिंगा

भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मलिंगा ने कहा कि उन्हें कांग्रेस पार्टी में बहुत ज्यादा परेशान किया गया। कांग्रेस ने उनके खिलाफ एक अभियंता के साथ मारपीट करने का केस दर्ज कराया। मैंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से कई बार कहा कि मामले की जांच नए सिरे से कराई जाए, लेकिन उन्होंने मेरी नहीं सुनी। कांग्रेस से परेशान होकर अब मैं भाजपा में शामिल हुआ हूं।

पहले चरण में 25,850 लाभार्थियों को मिलेंगे मुफ्त सिलिंडर

एजेंसी,अमेठी। जिले के 1.63 लाख उपभोक्ताओं में पहले चरण सिर्फ 25850 उपभोक्ताओं का ही आधार प्रमाणीकरण हुआ है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत जिले में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 84,357 लोगों को गैस कनेक्शन मिला है। इनमें 12,089 उपभोक्ताओं का आधार प्रमाणीकरण हुआ है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से 14,502 लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया है। इनमें 2244 का उपभोक्ताओं का ही आधार प्रमाणीकरण हुआ है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से 65,080 उपभोक्ताओं को उज्ज्वला योजना से लाभान्वित किया गया है। सिर्फ 11517 लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण की कार्रवाई पूरी हुई है। केंद्र सरकार ने त्योहार पर इन लाभार्थियों को निःशुल्क सिलिंडर देने के आदेश दिए हैं। पूर्ति विभाग की ओर से योजना के प्रथम चरण में नवंबर से दिसंबर 2023 तक तथा दूसरे चरण में जनवरी से मार्च 2024 तक निःशुल्क सिलिंडर रिफिल दिया जाएगा।

कांग्रेस ने 21 उम्मीदवारों का किया एलान

धारीवाल को भी टिकट, 199 सीटों पर नाम तय

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने आखिरी सूची जारी कर दी है। इसमें 21 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का एलान किया गया है। देखें किसे कहां से टिकट मिला है? राजस्थान विधानसभा के चुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों की आखिरी और सातवीं सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी ने 21 सीटों पर उम्मीदवार उतारे गए हैं। मंत्री शांतिधारीवाल का नाम आखिरी सूची में शामिल किया गया है। पार्टी ने 199 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, बाकी बची एक भरतपुर सीट गठबंधन के लिए छोड़ी है। देखें, किसे कहां से टिकट दिया गया है।

इन्हें मिला टिकट

उदयपुरवाटी भगवान राम सैनी, खेतड़ी मनीषा गुर्जर, धोध जगदीश डोडिया, झोटवाड़ा अभिषेक चौधरी, चाकसू वेद प्रकाश सोलंकी, कामा जाहिदा, बाड़ी प्रशांत परमार, टोडाभीम घनश्याम मेहर, अजमेर उत्तर महेंद्र सिंह रालावता, नागौर हरेंद्र मिर्धा, खींवसर तेजपाल मिर्धा, सुमेरपुर हरिशंकर मेवाड़ा, गुड़ामालानी कर्नल सोनाराम, चित्तोड़गढ़ सुरेंद्र सिंह जाटावत, शाहपुरा नरेंद्र कुमार रैगर, पीपल्दा चेतन पटेल, कोटा उत्तर शांति धारीवाल, कोटा दक्षिण राखी गौतम, रामगंज मंडी महेंद्र राजोरिया,

कांग्रेस की सूची की खास बातें

- झालारापाटन से पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के खिलाफ रामलाल चौहान को टिकट दिया।
- 21 प्रत्याशियों की सूची में कांग्रेस ने 13 बदल दिए हैं, 2 मंत्रियों के टिकट भी कट गए हैं।
- इन नेताओं के टिकट कटे- खेतड़ी जितेंद्र सिंह, धोध से परसराम मोरदिया, झोटवाड़ा लालचंद कटारिया, बाड़ी गिर्राज सिंह मलिंगा इन्हें भाजपा ने टिकट दिया, टोडाभीम पीआर मीणा, नागौर हबिबुर्र रहमान, खींवसर सवाई सिंह चौधरी भाजपा में गए, सुमेरपुर रंजू रामावत, गुड़ामालानी हेमाराम चौधरी (मंत्री), शाहपुरा महावीर प्रसाद मोची, पीपल्दा रामनारायण मीणा, रामगंज मंडी रामगोपाल बैरवा, झालरापाटन मानवेंद्र सिंह का टिकट कट गया है।

दिल्ली में सांस लेना मुश्किल

सरकार ने आज बुलाई अहम बैठक, वर्क फ्रॉम होम और सम-विषम की हो सकती है वापसी!

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में खतरनाक होते प्रदूषण स्तर को देखते हुए सोमवार से सरकारी व निजी कार्यालय में घर से काम करने की सुविधा दी जा सकती है। दिल्ली-एनसीआर के अधिकतर इलाकों में पिछले कुछ दिनों से प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। इसे देखते हुए रविवार को ग्रैप के चरण-चार को लागू कर दिया गया है। इसके तहत कार्य योजना रविवार से पूरे एनसीआर में तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसे लेकर सोमवार को दिल्ली सरकार ने सुबह उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में आधे कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति दी जा सकती है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को होने वाली बैठक में दिल्ली सरकार, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली छावनी व निजी कार्यालयों में कर्मचारियों की क्षमता को 50 फीसदी करने का निर्णय लिया जा सकता है। अन्य 50 फीसदी कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति दी जा सकती है। इसके अलावा केंद्र सरकार को भी अपने कार्यालय में कर्मचारियों की संख्या आधा करने की सलाह दे सकती है। इसके अलावा कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान को बंद करने, गैर-आपातकालीन वाणिज्यिक गतिविधियों को बंद करने की सलाह भी दे सकती है।

फिर लागू हो सकता है ऑड-ईवन नियम

सड़कों पर वाहनों की संख्या को कम करने के लिए एक बार फिर से ऑड-ईवन नियम लागू किया जा सकता है। इसके तहत दिन के आधार पर सम या विषम नंबर की गाड़ी चलेगी। इस फैसले के बाद सड़कों पर चारपहिया वाहनों की संख्या आधी रह जाएगी। इसके अलावा स्थानीय प्रदूषण कारणों को कम करने के लिए कई अन्य सख्त फैसले लिए जा सकते हैं।

होंगे यह बंद

दिल्ली में प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए डीजल के ट्रकों के प्रवेश को बंद किया जाएगा। इसमें आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले, आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले ट्रकों और सभी एलएनजी, सीएनजी, इलेक्ट्रिक ट्रकों राहत होगी। वहीं आवश्यक वस्तुएं को लाने-ले जाने वाले वाहनों को छोड़कर, ईवी/सीएनजी/बीएस-6 डीजल के अलावा दिल्ली के बाहर पंजीकृत एलसीवी को दिल्ली में प्रवेश अनुमति नहीं होगी। दिल्ली में पंजीकृत डीजल के मध्यम माल वाहन (एमजीवी) और भारी माल वाहन (एचजीवी) को भी अनुमति नहीं होगी। राजमार्ग, सड़क, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज, पावर ट्रांसमिशन, पाइपलाइन सहित अन्य प्रमुख सार्वजनिक परियोजनाओं में भी सी एंड डी गतिविधियों पर प्रतिबंद हो सकता है।

यूपी मे बुआ भतीजे फिर मिलकर लड़ेंगे चुनाव

गठबंधन में जयंत, रावण, सहित आधा दर्जन दल होगे शामिल

गठबंधन

माया के जन्मदिन पर तीसरे मोर्चे हो सकती हैं घोषणा।

राजवीर सिंह कुश

लखनऊ। यूपी में भाजपा के खिलाफ तीसरा मोर्चा बनाना तय हो गया है। गैर कांग्रेस और गैर भाजपा गठबंधन में जहा बुआ भतीजे फिर साथ मिलकर चुनाव मैदान में होगे वही रालोद, आसपा कारीराम सहित आधा दर्जन दल गठबंधन में शारोक होगे। यूपी में महा गठवंधन की रूप रेखा तेयार होने के बाद सपा ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इधर बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी चुप्पी साध ली है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यूपी में भाजपा को पटकनी देने के लिए सपा के चाणक्य राम गोपाल यादव और बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश मिश्रा के बीच छ राउंड की बात होने के साथ साथ मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव भी बसपा सुप्रीमो मायावती से दो राउंड की मुलाकात कर चुकी है। बताते हैं कि दिल्ली में बसपा सुप्रीमो मायावती उनके भतीजे और सपा अध्यक्ष अखलेश यादव और उनकी पत्नी मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव की बात चीत हुई हैं। बसपा सुप्रीमो और सपा अध्यक्ष ने सीटो के वटवारे की जिम्बेदारी सतीश मिश्रा और रामगोपाल यादव को सौप दी है जो अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगे। बताते हैं कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करने के लिए गठबंधन में रालोद प्रमुख जयंत चौधरी को दो से तीन सीट, आजाद समाज पार्टी काशीराम को एक, निषाद पार्टी, अपना दल, सहित अन्य दलों को शामिल करने को अंतिम रूप दिया जाएगा। इतना ही नहीं यूपी में जिन सीट से राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी चुनाव लडेंगे उन सीटो पर गठबंधन अपने प्रत्याशी नही उतारेगा। बताते हैं कि यूपी में एक बार फिर हो रहे गठबंधन की घोषणा 15 जनवरी को बसपा सुप्रीमो मायावती के जन्मदिन पर की जा सकती है।

इधर सूत्र बताते हैं कि यूपी की अस्सी लोक सभा सीटो में से बसपा तीस ,सपा तीस सीट पर चुनाव लडेगी अन्य सीटो पर गठबंधन में शामिल दलों को दी जाएगी। इतना ही नहीं बसपा सपा उत्तराखंड में भी गठबंधन से चुनाव लडेंगे जहा बीएसपी तीन और सपा दो सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेंगे। इसके बाद सपा प्रमुख अखलेश यादव ने जहा मध्य प्रदेश चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है वही पार्टी नेताओं से बसपा के खिलाफ बयान न देने के निर्देश जारी कर दिए हैं। राजस्थान और मध्यप्रदेश में बसपा सुप्रीमो मायावती,सतीश मिश्रा सहित अन्य नेता जहा चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। वही सपा के खिलाफ चुप्पी साधे हुए हैं। वही राजनीति पंडितो का मानना है कि कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे दलित समाज बड़े नेता होने के कारण बसपा का बोट बैंक कांग्रेस की तरफ रुख न करने का डर सता रहा है इससे बचने के लिए मायावती ने यूपी में कांग्रेस और भाजपा के खिलाफ मोर्चा बनाने की सहमति दे दी है।

कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने आयुष्मान मेले का किया निरीक्षण

द अचीवर टाइम्स रमेश चंद्र

लखीमपुर खीरी, फरधान। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने सीएचसी फरधान में लगे आयुष्मान मेले का निरीक्षण। मेले में देर से पहुँचने की वजह से नहीं मिले कोई मरीज। केवल डॉक्टर से जानकारी लेकर दस मिनट में मेले का निरीक्षण चले गए। सीएचसी फरधान में रविवार को स्वास्थ्य मेले कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने आयुष्मान मेले का निरीक्षण किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम मेले का दो बजे से ढाई बजे तक निरीक्षण करना था। मेले में चार बजे के बाद पहुँचने की वजह से निरीक्षण केवल खानापूर्ति तक सिमट कर रह गया। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के पहुंचने पर सबसे पहले एसडीएम श्रद्धा सिंह समेत कई लोगों ने स्वागत किया। मेले का निरीक्षण करने से पहले पर्चा काउंटर पर पहुंचकर मेले में आए कुल मरीजों की संख्या की जानकारी ली। इस

डॉक्टर टीम से मुखातिक होते हुए 10 मिनट में ही मेले की जानकारी सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अमित बाजपेई से लेने के बाद रवाना हो गए। मेले में देर से पहुंचने की वजह से कोई मेरी नहीं मिला।

दौरान मरीजो से मुखातिब होना चाहा लेकिन एक भी मरीज नहीं मिला।

मंत्री के निरीक्षण के लिए बाहर से बुलाये गए डॉक्टर

सीएचसी फरधान जिले में हर मामले में नंबर वन बनी रहती है। इलाज से लेकर सीएचसी परिसर की साफ सफाई एवं मरीजों के इलाज के लिए जिले में अपनी अलग पहचान बना रखी है। लेकिन सीएचसी में आज तक मानक के अनुसार डॉक्टर की पोस्टिंग नहीं हो सकी है। जिसके चलते कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के निरीक्षण की सूचना पर स्वास्थ्य मेले में बाहर से डॉक्टर बुलाये गए। फिजीशियन शिखा बाजपेई, ईइनटी डॉक्टर मनोज कुमार समेत अन्य डॉक्टर मेले में आज पहली बार दिखाई दिए। निरीक्षण के समय सीएमओ खीरी संतोष गुप्ता, सीडीओ अनिल सिंह, एसडीएम श्रद्धा सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अमित बाजपेई, बीपीएम अनिल अनिल कुमार, फार्मासिस्ट यशपाल वर्मा, दिनेश कुमार समेत पूरा स्टॉफ मौजूद रहा।

आयुर्वेद दिवस के कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु समिति का गठितः डीएम

जिलाधिकारी - मंगला प्रसाद सिंह

❖ अष्टम आयुर्वेद दिवस ''हर दिन, हर किसी के लिए'' थीम पर आधारित होगाः एमपी सिंह

द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार 10 नवम्बर 2023 को अष्टम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष में हर दिन, हर किसी के लिए आयुर्वेद की थीम पर आधारित कार्यक्रमों के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु उनकी अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि समिति में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला वन अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि (जिलाधिकारी द्वारा नामित), क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी समिति के सदस्य होंगे। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को निर्देशित किया है कि 07 नवंबर 2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

सृजन-2023 के प्रथम वर्ष के छात्रों का भव्य स्वागत समारोह

❖ छात्रों ने सृजन 2023 रैंप वॉक प्रतियोगिता में किया धमाल।

द अचीवर टाइम्स, रजनीश कुमार

बीकेटी लखनऊ। बक्शी का तालाब स्थित से एस आर ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में आज नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत समारोह सृजन 2023 का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अभिजीत आर शंकर (एडिशनल एसपी) एवं संजना मिश्रा (हिंदी एवं भोजपुरी अभिनेत्री) के द्वारा हुआ। विद्यार्थियों द्वारा 20 संस्कार्तिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें गणेश वंदना, गुजराती नृत्य, लावणी नृत्य, पंजाबी नृत्य, फैशन शो, बॉलीवुड गीतों पर आधारित नृत्य, कश्मीरी नृत्य राजस्थानी नृत्य एवं एसआर इंटरनेशनल स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर भारत सरकार के युवा सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत 140 कश्मीरी छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। जिसमें

कश्मीरी लोक संगीत एवं नृत्य आदि का मंचन किया गया। जिसे सभी लोगो ने खूब सराहा और पसंद किया गया। इस समारोह में प्रथम वर्ष के छात्रों ने फैशन शो का प्रतियोगिता भी आयोजित की। जिसमें बीटेक के मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर अमन (सीएस)और श्रुति चतुर्वेदी (सीएस)को चुना गया, बी वॉक में कुणाल मिस्टर फ्रेशर,प्रकृति मिस फ्रेशर, एमबीए में आर्यन मिस्टर फ्रेशर, साक्षी मिस फ्रेशर, आइएमबीए में श्वेताअंश मिश्रा आइएमबीए मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशरहिमांशी सिंह बीएफएसआई चुना गया। मुख्य अतिथि अभिजीत आर शंकर ने विद्यार्थियों को टाइम मैनेजमेंट के द्वारा करियर अपने उद्देश्यों पर फोकस रहने के लिए प्रेरित किया। एस आर ग्रुप के अध्यक्ष एवं एमएलसी पवन सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता करने से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व का विकास होता है जो उनके जीवन में सफल बनाने में सहायक सिद्ध होता है। संस्थान के वाइस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान ने आए हुए अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के सभी निदेशक, उपनिदेशक, कार्यकारी निदेशक, सहायक निदेशक, डीन एकेडमिक्स, समस्त शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नज़र

सांप काटने से बच्चे की मौत

द अचीवर टाइम्स अभिषेक राजपूत

अतरौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हीरुपुर में काले सांप के काटने से कक्षा 1 के छात्र शिवांक पुत्र सर्वेश की हुई मौत ,बताते चलें कि हीरुपुर गांव में अपने ही घर में दीवाल के गड्ढे में रखे कंचे निकालने गया था छात्र वही गड्ढे में बैठे काले सांप ने हाथ की उंगली में काट लिया परिजन मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए वहां पर हालात नाजुक देख परिजन लखनऊ ट्रामा सेंटर ले गए वहीं पर छात्र की मौत हो गई परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल, ग्रामीण बताते हैं कि अगर भरावन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज संभव हो तो बचाई जा सकती है कई लोगों की जान ,, मृतक शिवांक लक्ष्मी मॉडर्न एकेडमी स्कूल कक्षा 1 का छात्र था।

1 जनवरी 2024 को पासी स्वाभिमान महासम्मेलन की घोषणा - राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 मोहनलाल पासी।

महाराजा लाखन पासी स्वाभिमान समिति ने गरीब/असहाय कन्याओं की सामूहिक विवाह सम्मेलन कराने का लिया फैसला।

द अचीवर टाइम्स - महेन्द्र कुमार

हसनगंज उन्नाव। विधानसभा 164 मोहान के अध्यक्ष अजय कुमार रावत के तत्वावधान से बाबूलाल रावत, भाइयालाल रावत व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 मोहनलाल पासी के नेतृत्व में काकोरी मोड़ आर्यन होटल में बैठक का हुआ आयोजन। समाज के गरीब असहाय लोगों की मदद करने की भावना से महाराजा लाखन पासी स्वाभिमान समिति के अध्यक्ष डा0 मोहनलाल पासी व राष्ट्रीय महासचिव-डी.पी. रावत ने समिति पदाधिकारियों की सहमति से लिया बड़ा फैसला कहा जो गरीब असहाय बेटियों की शादी बिजली पासी किला बंगला बाजार लखनऊ में 1 जनवरी 2024 को सामूहिक विवाह कराने की घोषणा जिसमें वर-वधू को वस्त्र दान ज़रूरतमन्द आभूषण सप्रेम भेंट किया जाएगा। बैठक में रिटायर पूर्व आई.एस. अधिकारी सुरेश चंद्र को बनाया गया राष्ट्रीय महासचिव महाराजा लाखन पासी स्वाभिमान समिति के अध्यक्ष व राष्ट्रीय सचिव ने फूलों का हार पहना कर किया सम्मानित व लोगों को प्रेम भाव से मिलजुलकर संगठित होकर रहने के लिए किया प्रेरित। शिक्षा के प्रति जोर देते हुए कहा हमें शिक्षा की ओर अत्यधिक गहराई से ध्यान देने की जरूरत है कहा आधी रोटी खाऊ लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाऊं। कहा शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो जितना पिएगा उतनी तेज दहाड़ेगा। बैठक में आए हुए सम्मानित पदाधिकारियों को जापान कराते हुए बैठक का किया समापन मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 मोहनलाल पासी व प्रदेश अध्यक्ष डी.पी.रावत, राष्ट्रीय महासचिव सुरेन्द्र रावत, मलिहाबाद विधानसभा अध्यक्ष रामपाल रावत, मोहान विधानसभा अध्यक्ष अजय कुमार रावत , भइयालाल रावत, बालगोविंद वर्मा, भगवती प्रसाद, राकेश कुमार रावत, एस.पी. सिंह, रामआसरे वर्मा, विष्णु रावत, सुनील रावत, अंकित राज एडवोकेट, अमर सिंह रावत, बाबूलाल रावत, हरी लाल रावत, व पत्रकार बन्धु रहे मौजूद।

महिला शक्ति केन्द्र योजना को हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन में परिवर्तित किया गयाः- सुशील कुमार सिंह

द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला

हरदोई। हरदोई जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार महिला शक्ति केन्द्र योजना को हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन में परिवर्तित कर दिया गया है। इस योजना के तहत जनपद स्तर पर तैनात कार्मिकों के पदनाम परिवर्तित किये गये है। महिला कल्याण अधिकारी का पदनाम अब जिला मिशन को-आर्डिनेटर तथा जिला समन्वयक को जेंडर विशेषज्ञ के पदनाम में परिवर्तित किया गया है। भविष्य में महिला शक्ति केन्द्र के कार्मिकों को उक्त नये पदनाम से सम्बोधित किया जाए।

कैरियर सेमिनार का अयोजन किया गया।।

द अचीवर टाइम्स, निखिल मिश्रा माल लखनऊ । उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के माल ब्लॉक में इंजीनियर संजय कुमार रावत द्वारा संचालित एस आर मंगलम शिक्षण संस्थान द्वारा कैरियर सेमिनार का अयोजन किया गया। सेमिनार में बच्चो को उनके भविष्य में होने वाली तैयारियों के विषय के संबंध में जागरूक किया गया एवं विभिन्न चुनौती पूर्ण विषयों पर छात्रों को कैसे तैयार रहना है, बच्चों को भविष्य की परिक्षाओं के सम्बन्ध में भी जागरूक किया गया। एस आर मंगलम शिक्षण संस्थान हमेशा गरीब बच्चो के उत्थान के लिए प्रयासरत रहती है, नर्सरी से क्लास आठ तक निशुल्क शिक्षा गांव गांव जाकर देने का कार्य कर रही है। आज के कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर सुनील रावत, जिला महामंत्री जे पी विमल , कौशल अम्बेडकर , राहुल शर्मा व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

दीपावली को दृष्टिगत रखते हुए पीस कमेटी की बैठक संपन्न

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

बछरावां रायबरेली। दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए बछरावां कोतवाली प्रभारी बृजेश राय के नेतृत्व में थाना प्रांगण में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी बृजेश राय के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित जनों के समक्ष दीपावली के त्यौहार को किस प्रकार शांति एवं सौहार्द के साथ मनाया एवं संपन्न कराया जाए इस पर अपने विचार रखें। बैठक में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी एवं प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण नारायण ने भी दीपावली के त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने के संबंध में अपने विचार समस्त गणमान्य जनों के समक्ष प्रस्तुत किये। इस मौके पर पस्तौर प्रधान रमाशंकर यादव, टोडरपुर प्रधान अवध राम, सभासद नदीम रायनी, सभासद बालकृष्ण पांडे, सभासद मुन्नू गुप्ता, ग्राम प्रधान रैन राम सजीवन यादव सहित थाना क्षेत्र की विभिन्न ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान, नगर पंचायत के सभासदगण भूतपूर्व जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

डिप्टी सीएमओ के निरीक्षण व नोटिस के बावजूद पब्लिक हॉस्पिटल हरगांव पर क्यों मेहरबान हैः सीएचसी अधीक्षक

सारी कमियां मिलने पर भी नहीं जज कर रहे कोई कार्रवाई

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

हरगांव सीतापुर। नगर पंचायत हरगांव के वार्ड पिपरा के मोहल्ला मुमताज नगर में हाइवे पर एक पब्लिक हॉस्पिटल नाम से अवैध अस्पताल संचालित है।जिसका गत दिनों डिप्टी सीएमओ डा श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ पहुँच कर औचक निरीक्षण किया।जिसमें मौके पर कोई डाक्टर उपलब्ध नहीं था।मरीज भी भर्ती मिले थे।परन्तु न जाने किन कारणों से सीएचसी अधीक्षक ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड पिपरा के मोहल्ला मुमताज नगर में लगभग आठ माह से लखीमपुर सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग हाइवे पर पब्लिक हॉस्पिटल नाम से एक गैर पंजीकृत अस्पताल संचालित है।जिसकी संचालिका एक महिला बतायी जाती है।गत दिनो इसी अस्पताल का सीतापुर के डिप्टी सीएमओ डा श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ पहुँच कर आकस्मिक निरीक्षण किया था।जिसमें मौके पर क्लीनिक पर कोई डाक्टर उपलब्ध नहीं मिला था।इसके बावजूद कई मरीज भी भर्ती मिले थे।इस पर डिप्टी सीएमओ ने सीएचसी अधीक्षक को इस पर कार्यवाही करने का आदेश दिया था ।परन्तु सीएचसी अधीक्षक हरगांव डा नितेश वर्मा ने आज तक पब्लिक हॉस्पिटल हरगांव पर कोई कार्रवाई नहीं की।इसका राज क्या है।कोई भी अधिकारी बताने के लिए तैयार नहीं है ।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर महाराजा लाखन पासी स्वाभिमान समिति की बैठक हुई संपन्न

❖ महाराजा लाखन पासी के जन्मदिवस पर सैकड़ो कन्याओं का विवाह बौद्ध धर्म के अनुसार होगा संपन्न।

द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया

लखनऊ। महाराजा लाखन पासी स्वाभिमान समिति द्वारा काकोरी मोड़ नहर के पास स्थित ए-आर्यन होटल में बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर 1 जनवरी महाराजा लाखन पासी के जन्म दिवस के अवसर पर महाराजा लाखन पासी स्वाभिमान समिति द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराया जाता है। जिसमें सैकड़ो कन्याओं का विवाह सामूहिक रूप से बौद्ध धर्म के अनुसार संपन्न कराया जाता है। जिसे लेकर प्रदेश में जिला स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए बैठक की गई। इस बैठक में कार्यकर्ताओं द्वारा यह चर्चा की गयी की कार्यक्रम महाराजा बिजली पासी किले पर 1 जनवरी को महाराजा लाखन पासी महासभा का आयोजन किया जाए और मुख्य अतिथि के तौर पर किसको बुलाया जाए। वही इस अवसर पर 1 जनवरी को किले पर होने वाली महासभा के लिए किस तरह से व्यवस्था की जाए जिससे लोग अधिक से अधिक संख्या में सुचारू रूप से वहां पहुंच सके और उनके लिए भंडारे में किस तरह की व्यवस्था की जाए। वही इस मौके पर सभी प्रदेश कार्यकर्ताओं व जिला कार्यकर्ताओं से अपील की गई है कि वह इस कार्यक्रम के लिए अधिक से अधिक लोगों से सहयोग ले व उनको कार्यक्रम स्थल पर आने के लिए प्रेरित करें इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराज लाखन पासी स्वाभिमान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मोहनलाल पासी, प्रदेश अध्यक्ष डीपी रावत, प्रदेश महासचिव सुरेश रावत द्वारा की गयी। इस मौके पर कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए जिन्होंने आगामी 1 जनवरी को महाराजा बिजली पासी किले पर होने वाले महाराज लाखन पासी महासभा को सफल बनाने का प्रण लिया।

लखनऊ के जानकीपुरम में तेजी से फल-फूल रहा है सट्टे का कारोबार, पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध

द अचीवर टाइम्स राज जायसवाल

लखनऊ। जानकीपुरम बीते कुछ दिनों से सट्टा व?यापार तेजी से फल-फूल रहे हैं। यह व?यापार इस कदर बढ़ा है कि शहर में रोजाना कई लाखों का सट्टा लग रहा है। इसके बावजूद जानकीपुरम पुलिस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। कहा जा रहा है कि जो लोग सट्टा लगाते हैं, उनमें और पुलिसवालों में भी मिलीभगत होती है। ऐसे में पुलिस की भूमिका भी संदेहास्पद है।

हर रोज लगता है करोड़ों का सट्टा

जानकीपुरम के एजेंटों के माध्यम से शहर में करोड़ों का सट्टा लग रहा है। यहां गलियों से लेकर देहात में भी एजेंट मौजूद हैं। बीते तीन साल में सटोरियों में काफी बढ़ो?तरी हुई है। यही वजह है कि सट्टा से जुड़ी वारदातें लगातार बढ़ रही हैं।

खाकी का है संरक्षण

सट्टा के अधिकांश अड्डे पुलिस के संज्ञान में हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सटोरियों के इन अड्डों पर अक्सर ही सट्टा माफियाओं के साथ दारोगा और सिपाही देखे जाते हैं। जैसे नवा खेड़ा में बड़े पैमाने पर सट्टे का कारोबार होता है। इनमें से ज्यादातर सट्टों के अड्डे थाने या पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर ही हैं।

सट्टा भी हुआ हाईटेक

पहले सट्टा पर्ची पर ही आधारित था, लेकिन अब यह भी हाइटेक हो गया है। अब पर्ची सिस्टम खत्म करके मोबाइल पर मैसेज के जरिए सट्टा संचालित किया जा रहा है। इसमें एजेंट का 25 फीसदी कमीशन पक्का होता है। जानकीपुरम थाना छेत्र के नवा खेड़ा गांव के लालू रावात व्यक्ति व्हाट्सएप पर सट्टे की चैट वायरल हुई है मामले को जानकीपुरम पुलिस संज्ञान लेती है या नहीं।

भारतीय किसान यूनियन राधे द्वारा देवां मेला में प्रतिदिन चल रहा है भंडारा

द अचीवर टाइम्स अनुराग मल्होत्रा

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन (राधे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधे लाल यादव व जिला अध्यक्ष शुऐब राईन की ओर से कौमी एकता के प्रतीक सूफी संत हाजी वारिस अली शांह बाबा के वार्षिक मेलें में यूनियन की पुरानी भूमि मामा पुर निकट नहर पुल पर मेला प्रारंभ से लेकर प्रतिदिन चल रहा है भंडारा मेले में आए जायरीनो व किसान भाइयों के लिए ठहरने से लेकर खाने पीने की सारी व्यवस्थाएं भंडारे में मौजूद यूनियन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र यादव व प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉक्टर बिलाल मंडल अध्यक्ष आफताब अंसारी जिला मंत्री आकिफ उस्मानी नगर प्रभारी रिजवान उर्फ फत्तू तहसील उपाध्यक्ष मोहम्मद अजीज सूरज यादव शाहिद बाबा नूरी आदि किसान नेताओं की अगुवाई में प्रतिदिन चल रहा है भंडारा

चीफ जस्टिस मनीष कुमार के द्वारा मूटकोर्ट प्रतियोगिता का हुआ समापन

द अचीवर टाइम्स ङ्क निखिल मिश्रा

दुबग्गा। उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के दुबग्गा क्षेत्र के बसंतकुंज में रविवार को यूनिटी पी0जी0 कॉलेज, बसंतकुज, आई0 आई0 एम0 बाईपास रोड, लखनऊ में "Fair trial of crime against Women " विषय पर आयोजित आठवें जस्टिस मुर्तजा हुसैन मेमोरियल राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन हुआ। सफल प्रतिभागियों को इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन मुख्य अतिथि जस्टिस जसप्रीत सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्रों को ज्वलंत विषयों में अपने विचार रखने का अवसर प्रदान होता है। जस्टिस मनीष कुमार ने भी अपने सम्बोधन मे कहा कि ऐसे ज्वलंत विषयों पर भाग लेते रहना चाहिए, यह उनके व्यक्तित्व विकास के लिए अनिवार्य है। इस त्रिदिवसीय प्रतियोगिता के कार्यक्रम में कई देशों के विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में महाराष्ट्र नैशनल लॉ युनिवरसिटी मुम्बई ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ललॉयड लॉ कॉलेज, ग्रेटर नोएडा ने दूसरे स्थान पर रही। विभिन्न केटेगरी के अन्तर्गत बेस्ट मेमोरियल का पुरस्कार पदमावत महिला विश्वविद्यालय, अन्ध्र प्रदेश ने हासिल किया तथा बेस्ट रिसर्चर का पुरस्कार युनिटी पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ ने अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त बेस्ट मूटर का एवार्ड सिम्बाओसिस लॉ स्कूल नागपुर को मिला। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन जस्टिस इम्तियाज़ मुर्तजा, वाइस चेयरपर्सन समीना इम्तियाज़, सचिव मुर्तजा हसनैन खान, कोषाध्यक्ष , नदीम मुर्तजा, समन्वयक ,असमा जावेद प्राचार्य डॉ0 सुनील धवन शिक्षकगण, छात्र एवं छात्रायें उपस्थित थे। अंत में विधि विभागाध्यक्ष वी0 पी0 सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बछरावां -राजामऊ रोड पर रामपुर गांव के पास हुआ हादसा



❖ युवक की मौत से घर में मचा कोहराम।

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजामऊ रोड पर रामपुर गांव के निकट बीते शनिवार की रात 12ः00 बजे के करीब अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बीते शनिवार की रात 12ः00 बजे के करीब थाना क्षेत्र के बंधन खेड़ा मजरे मलपुर गांव का रहने वाला सूरज पुत्र राज बहादुर मोटरसाइकिल से राजामऊ की ओर जा रहा था, इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। इस हादसे में सूरज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस बारे में थानाध्यक्ष बृजेश राय का कहना है कि मृतक के घर वालों को सूचना दी गई है ।वह मौके पर पहुंचे हैं अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने देवां मेला में सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर चादरपोशी की

❖प्रियंका गांधी ने पत्र भेजकर की देश व विदेश से आये जायरीनो के लिए की खुशहाली की दुआ ।

द अचीवर टाइम्स अनुराग मेहरोत्रा

बाराबंकी। देश और प्रदेश की भाजपा की सरकार गरीब का मजाक उड़ा रही हैं। इस देश की गरीब आवाम भाजपा सरकार से मुफ्त में 5 किलो राशन नही देश के हर गरीब बेरोजगार के हाथों लिये काम चाहती हैं। प्रधानमंत्री जी इस देश का गरीब आपसे भीख नही मांग रहा हैं वह मेहनत करता हैं वह साल में दो करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाले प्रधानमंत्री से अपने लिये रोजगार मांग रहा हैं। आज जब प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में मां बहनें सुरक्षित नही हैं तो पूरे प्रदेश का क्या हाल होगा इसका अंदाजा आप लगा सकते हैं। अब समय आ गया हैं कि आप कांग्रेस पार्टी की मजबूत करें कांग्रेस पार्टी की मजबूती से देश प्रदेश को मजबूती मिलेंगी और जब आपके सहयोग से कांग्रेस सरकार बनेंगी तो आपका जीवन स्तर उठाने का हर संभव प्रयास कांग्रेस पार्टी करेंगी। उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने देवां मेला में सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर चादरपोशी कर देश में अमन व खुशहाली की दुआ मांगने के बाद हाजी वारिस अली शाह मसोलियम कमेटी के मैनेजर जनाब शाह मसूद वारसी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की उत्तर प्रदेश प्रभारी महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी का महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के वालिद दादा मियां की याद में कार्तिक माह में होने वाले सालाना उर्स पर देश व विदेश से आये जायरीनो एवं इतजामियां कमेटी को मुबारकबाद तथा देश में अमन खुशहाली की दुआ का पत्र कमेटी के मैनेजर को सौंपने के पश्चात् ग्राम सिपहिया में रामनरेश रावत के मकान पर आयोजित दलित गौरव संवाद में व्यक्त किये। दलित संवाद में पूर्व सांसद डॉ.पी.एल.पुनिया, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शहनवाज आलम, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष नईम अहमद सिद्दीकी, प्रभारी उत्तर प्रदेशीय महासचिव सुशील पासी सचिव राहुल त्रिपाठी मौजूद थे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय का अनुसूचित जाति विभाग के मध्य जोन के अध्यक्ष तनुज पुनिया की अगुवाई में ग्राम बरेठी में तथा पूर्व सांसद पी.एल.पुनिया, कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन, पूर्व प्रमुख जमील अहमद की अगुवाई में सिपहिया गांव पर भव्य स्वागत किया गया तदोपरान्त आयोजित दलित गौरव संवाद में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज महंगाई की मार से प्रदेश का गरीब दलित कराह रहा है उसके पास अपने घर के बिजली के बिल जमा करने का पैसा नही अपने बच्चों की पढाई नही करा पा रहा हैं लेकिन सत्ता में बैठे नेताओं की निगाहें गरीब की तरफ नही जा रही हैं। पूर्व सांसद पी.एल.पुनिया ने सफल कार्यक्रम की बधाई कांग्रेस जनो को देते हुए कहा कि आजादी के बाद आज तक गरीब दलित को अगर कुछ मिला हैं तो वह कांग्रेस की देन हैं। कांग्रेस पार्टी ने गरीब को खाने का, शिक्षा का, रोजगार का, सूचना का, स्वास्थ्य का अधिकार देकर गरीब दलित को मजबूती दी है। पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि आज देश की सत्ता ऐसे हाथों में हैं जिनका दलित मुसलमानों से कोई लेना देना नही है। आज मैं सिर्फ इतना बात कहना चाहता हूॅ कि ''दलित मुसलमान करो विचार, कब तक सहोंगे अत्याचार।'' दलित संवाद कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कार्यक्रम में मौजूद दलित समुदाय के लोगों से दलित अधिकार पत्र भरवायें। कार्यक्रम के अंत में मध्य जोन के कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष तनुज पुनिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज जो आपसे अधिकार पत्र भरवाये गये हैं इसे केन्द्रीय नेतृत्व को भेजा जायेगा और यदि आपके सहयोग से सरकार बनेगी तो आपकी हर मांग पूरी करने का काम कांग्रेस पार्टी करेंगी तदोपरान्त नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवला ने प्रदेश अध्यक्ष को देवां दरगाह का स्मृति चिन्ह भेंट किया। दलित गौरव संवाद को मुख्य रूप से प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शहनवाज आलम, प्रभारी महासचिव सुशील पासी, पूर्व कोषाध्यक्ष नईम सिद्दीकी, प्रदेश सचिव फरहान वारसी, कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन ने सम्बोधित किया तथा मुख्य रूप से अजय रावत, आनन्द गौतम, रामहरख रावत, मीरा गौतम, सरोज गौतम, लज्जावती गौतम, अभय गौतम, भोला रावत सहित सैकड़ो की संख्या में दलित समुदाय के लोग तथा कांग्रेसजन मौजूद थें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार



❖ जांच अधिकारी ने गवाह का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर संबंधित विभाग को उसकी रिपोर्ट भी सौंपी।

द अचीवर टाइम्स ङ्क निखिल मिश्रा

मलिहाबाद । उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ की मलिहाबाद तहसील में पीड़ित द्वारा की गई शिकायत पर जांच करने पहुंचे अधिकारी ने गवाह के तौर पर एक ऐसे व्यक्ति का नाम डाल दिया जो उस समय जेल में बंद था यही नहीं जांच अधिकारी ने गवाह का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर संबंधित विभाग को उसकी रिपोर्ट भी सौंप दी। जेल से छूटने के बाद जानकारी होने पीड़ित ने बीते शनिवार को समाधान दिवस में तहरीर देते हुए बताया मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के खड़ौहा गांव निवासी नीरज तिवारी ने बताया कि उसके गांव की गीता पत्नी करुणा शंकर ने शिकायती पत्र सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिया होगा। जिसकी जांच ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत खड़ौहा को दी गई थी। जांच अधिकारी अनुज यादव ने बीते 26/07/2023 को जांच रिपोर्ट प्रेषित की जिसमे गवाह के तौर पर हमको नामित कर दिया। जबकि मैं 18/07/2023 से 03/10/2023 तक जिला कारागार में बंद था। मुझे गीता के शिकायती प्रार्थना पत्र पर जांच अधिकारी ने फर्जी गवाह बनाया गया है। मैने किसी के मामले में कोई गवाही नहीं दी है और न ही कोई हस्ताक्षर किए हैं। फिलहाल पीड़ित ने उचाधिकारियो से न्याय की गुहार लगाई है अब देखना यह होगा कि जेल में बंद व्यक्ति को गवाह बनाने वाले जांच अधिकारी पर क्या करवाई होगी।

एक नज़र

वोटर चेतना अभियान में बूथ पर पहुंची भाजपा प्रदेश मंत्री कार्यकर्ताओं का किया उत्साह वर्धन।

वोटर चेतना विशेष अभियान।

द अचीवर टाइम्स अनुराग मेहरोत्रा

बाराबंकी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे वोटर चेतना विशेष अभियान के तहत रविवार को प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा बूथ पर पहुंची।उन्होंने पल्हरी स्थित प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 376 पर बीएलओ को वोटर सूची में नाम बढ़वाने के लिए आवेदन पत्र सौंपा।इसके पूर्व उन्होंने शांति विहार कॉलोनी में चौपाल लगाकर नययुवकों से संपर्क साधा।सभी से फॉर्म 6 भरवाए।प्रदेश मंत्री ने कार्यकर्ताओं से उन लोगों से विशेष रूप से संपर्क साधने के निर्देश दिए जिन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद कॉलोनी में नए मकान बनवाकर रहना शुरू किया है। चौपाल के दौरान उन्होंने वोटर सूची का अवलोकन किया एवम बोगस वोटरों का चिन्हांकन भी किया। कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने नए वोटर का नाम लिस्ट में जोड़वाने,संशोधन व परिवर्धन कराने के लिए विशेष अभियान चलाया है। कहा कि सभी चुनाव बूथ पर ही लड़े जाते हैं जिसके लिए अधिक से अधिक मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में बढ़वाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़नी है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य,जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई, नगर अध्यक्ष विष्णु प्रभाकर वर्मा ,प्रियंका पाठक,सर्वेश अवस्थी, बूथ अध्यक्ष अनिल वर्मा, नगर महामंत्री गुरदीप सिंह ,नगर मंत्री कुशाग्र श्रीवास्तव,शक्तिकेंद्र संयोजक अरविंद यादव मौजूद रहे।

श्रीराम जानकी इण्टर कॉलेज कोठवल सीतापुर

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। सर्वोत्तम उपस्थित रहने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किया गया ,इस मौके पर प्रधानाचार्य राघवेंद्र सिंह वर्मा , संरक्षक गुरनाम वर्मा ,राम सागर वर्मा और बीजेपी जिला मंत्री उमाशंकर कोरी मौजूद रहे ।अंशुमान शुक्ला हिमांशी देवी ,सरिता देवी, रितेश कुमार ,गोविन्द कुमार ,राधा देवी ,आयुष कुमार,वैष्णवी वर्मा ,कामिनी ,गौरव गुप्ता ,आदर्श, शिवम् ,सौरभ वर्मा ,रेशमा देवी, आराध्या शुक्ला ,आर्या शुक्ला,मनोज चौहान ,सुषमा देवी ,अशोक कुमार ,शिवांकी देवी ,स्वाती यादव नैनशी देवी ,संध्या देवी,आर्यन वर्मा,प्रहस्त सिंह,दिव्या वर्मा, पायल देवी रोली देवी ,सोनम देवी , अंकिता प्रजापति,वीर सिंह ,सत्यम वर्मा , मुस्कान पाल,अमन कुमार,मंजीत कुमार ,रामसुचित,शिवम्प्रजापति ,नितेश नौमीलाल , अंशिका यादव,पल्लवी गुप्ता,रोशनी वर्मा,अरुणांशू सिंह,शालिनी वर्मा ,कविता वर्मा

खीरी में शांति व्यवस्था भंग करने का विशेष अभियान

दअचीवर टाइम्स, रमेश चंद्र

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक जनपद खीरी द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाये जा रहे। विशेष अभियान के अन्तर्गत एवं क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में रविवार को थाना फरधान पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 03 नफर अभियुक्ताओं को हिरासत पुलिस में लेकर धारा 151/107/116 दं0प्र0सं0 के अंतर्गत चालान की कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। थाना अध्यक्ष के द्वारा गठित टीम के अथक प्रयासों से अभियुक्त को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। जिससे प्रत्येक आम जनमानस को इसका सबक मिल सके कि भविष्य में भी इस प्रकार के आदेशों का उलझन ना किया जाए अतः शासन के उल्लंघन करने पर दण्डित किया जाएगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 रामदयाल यादव हे0का0 सैय्यद राशिद म0आ0 अर्चना वर्मा म0आ0 रीमा आदि लोग उपस्थित रहे।

121 कन्याओं के पैर धुल के उनको भोजन करा के और उनको अंग वस्त्र दे के विदा किया

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। दशपुत्रसमा कन्या दशपुत्रान्प्रवर्धयनं। यत्फलं लभते मर्त्यस्तल्लभ्यं कन्यैकया। इन्ही लाइनों को चरितार्थ करते हुए आज सेठ एम. आर. जयपुरिया महमूदाबादके कर्ताधर्ता एवं अध्यक्ष जिला पंचायत प्र. सीतापुर आदरणीय शिव कुमार गुप्ता जी ने लगभग 121 कन्याओं के पैर धुल के उनको भोजन करा के और उनको अंग वस्त्र दे के विदा किया। उन में से आयी कुछ कन्याओं को जो कि कॉलेज के पैनल ने इंटरव्यू ले के चिन्हित किया है उनकी आगे की पढ़ाई जयपुरिया स्कूल में निशुल्क होगी ऐसी घोषणा की।इस मौके पर डॉ सुशील जायसवाल, के के सिंह,आनन्द श्रीवास्तव एवं अन्य काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कोलम्बस इंटरनेशनल अकेडमी अवधपुरम कुर्सी रोड वार्षिक उत्सव मनाया गया

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कोलम्बस इंटरनेशनल अकेडमी अवधपुरम कुर्सी रोड लखनऊ में स्कूल प्रबंधक प्रमोद यादव ने हर वर्ष की भांति वार्षिक उत्सव (बाल उत्सव) मनाया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अभिभावकों के साथ स्कूल के कार्यक्रम में उपस्थित होकर शोभा बढ़ाई और बच्चों की पकवान के साथ कई तरह की व्यंजन बनाए जिससे आए हुए उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव, वर्तमान विधायक केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर की पत्नी जय देवी कौशल, बाबा प्रदीप व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव ,जय देवी कौशल विधायक मलिहाबाद ,बाबा प्रदीप प्रधान दुर्जनपुर , आलोक यादव (पंकज) लखनऊ जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन, नामित पार्षद सर्वेश यादव, एडवोकेट इंद्रजीत यादव, लवकुश यादव, राकेश शर्मा, गढ़मन अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया विद्यालय में अनुशासन के साथ बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है जिस विद्यालय नई-नई ऊंचाइयों के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है

799 वां उर्स फातहे वास्ती चिश्ती क़ादरी मुकम्मल हुआ जलसे में कई राज्यों के लोगों ने की शिरकत

द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला

हरदोई। बिलग्राम हरदोई 799 वां उर्स वास्ती फातहे बिलग्राम बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें हिन्दुस्तान के कोने कोने से आये हजारों की तादाद में अकीदतमंदो ने शिरकत की और साहिबे उर्स के फैज ओ बरकात से मालामाल हुए। नगर के ऊपर कोट पर दो दिवसीय उर्स वास्ती कुल शरीफ के बाद दुआओं के साथ संपन्न हो गया। शनिवार देर रात कुरआन की आयतों के साथ जलसे का आगाज हुआ जिसके बाद मौलाना अब्दुल कलीम उवैसी ने मंच का संचालन किया और मुल्क के विभिन्न स्थानों से आए उलेमाओं ने तकरीरें की और शायरों ने नात व मनकबत पढ़ीं इसके साथ ही मारहरा, मसौली, मुरादाबाद सहित कयी खानकाह से आये मशायख भी स्टेज की जीनत बने। उर्स में मारहरा खानकाहे कादरिया बरकातिया से आये सय्यद नजीब हैदर मियां बरकाती ने समाज में फैल रहीं कुरीतियां दहेज तीन तलाक जैसी प्रथाओं से मुसलमानों को बचने की ताकीद की वहीं सय्यद बादशाह हुसैन वास्ती ने मुल्क से मोहब्बत आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना जरूरी बताया कानपुर से आये काजी ए शहर मुफ्ती युनुस उवैसी ने अल्लामा गुलाम अली आजाद बिलग्रामी की अदबी व इल्मी खिदमात पर रोशनी डाली मौलाना जाकिर गयाबी ने सय्यद मोहम्मद सुगरा वास्ती बिलग्रामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गये कामों को बयान किया शायर उस्मान हारुनी, कलीम दानिश, सुहैल अहमद ने नबी की शान में नात पढ कर खूब वाहवाही लूटी रविवार सुबह सूफी बुजुर्ग सैयद मोहम्मद सुगरा क़ी दरगाह पर अकीदत के साथ चादरपोशी क़ी गई औऱ फातेहा पढ़कर दुआए क़ी गई । कुल शरीफ के बाद सज्जादा नशीन हजरत ओवैस मुस्तफा वास्ती ने अक़ीदतमंदो की हजारों की संख्या के बीच कहा कि नमाज़ की पाबंदी, मां बाप की खिदमत, और गरीबों की मदद, करने वाला ही सच्चा मुसलमान है। हम सबको कुरान के आदेशों पर अमल करना चाहिए उसी में सब की भलाई है। इसके बाद साहिबे सज्जादा ने मुल्क की तरक्की औऱ मुल्क मे अमन की दुआ करते हुए खुदा से इंसानो की परेशानी दूर करने और उनकी जायज़ तमन्नाओं को पूरा करने की दुआएं की। इस दौरान बादशाह हुसैन वास्ती, खानकाहे वाहिदिया के सज्जादा नशीन हजरत सुहैल मियां वाहिदी हज़रत हुसैन मियां वाहिदी, सय्यद फैजान मुस्तफा वास्ती, मौलाना अनस वास्ती, सय्यद सालार हुसैन वास्ती समेत दूरदराज से आए अकीदत मंदो के बीच उर्स संपन्न कर तबर्रूक बांटा गया।

सेंट्रल एकेडमी बाराबंकी में भव्य रूप से मनाया गया ग्रैंड पैरेंट्स डे एवं एनवल डे

द अचीवर टाइम्स अनुराग मेहरोत्रा

बाराबंकी। सेंट्रल एकेडमी विद्यालय बाराबंकी में ग्रैंड पैरेंट्स डे बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाया गया जिसमें विद्यालय के नन्हे-मुन्नों के दादी-दादी, नाना-नानी सादर आमंत्रित थे । मुख्य अतिथि प्रमोद तिवारी उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बाराबंकी, प्रशासिका वीना पांडे, प्रधानाचार्य डॉ. पूजा आनंद तथा विद्यालय की अन्य शाखाओं के प्रधानाचार्यो ने दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती जी की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की प्रशासिका वीना पांडे जी तथा प्रधानाचार्या डॉ. पूजा आनंद जी ने प्रांगण में उपस्थित समस्त वरिष्ठ जनों का स्वागत करते हुए कहा कि इनके आशीर्वाद कि हमें कितनी अवश्यकता होती है, इनका आशीर्वाद ही हमारी सफलता का आधार है। तत्पश्चात एक सुंदर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। वृक्ष ही हमारे जीवन के आधार - इसी भाव पर आधारित एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई जो बहुत सराहनीय रही। प्रयास करते- करते सफलता आवश्य मिलती है - इसी भाव को दर्शाने वाला चंद्रयान मिशन नाटिका काफी सराही गयी। अंत में भारतीय संस्कृति अद्भुत छवि बिखेरता हुआ, संपूर्ण रामायण की भव्य झाँकी ग्रैंड फिनाले को देखकर भाव विभोर हो गए। ग्रैंड पैरेंट्स की पूर्व संध्या पर विद्यालय के नन्हें - मुन्नों के दादा-दादी के बीच कई प्रतियोगिताएं रखी गई थी, जिनका पुरस्कार वितरण भी किया गया। इस अवसर पर इन वरिष्ठ जनों का उत्साह देखते ही बनता था। फिर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

श्री शतचंडी महायज्ञ समिति महायज्ञ मे दिवाकर बाजपेयी ने दिया विशेष योगदान

द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी

सीतापुर। शतचंडी महायज्ञ समिति द्वारा श्री चक्रवती देवी सनातन से सेवा संस्थान मंदिर ग्राम जोतपुर पोस्ट बड़रावा तहसील मिश्रिख सीतापुर मे सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं वृन्दावन धाम की प्रसिद रासलीला का आयोजन किया गया है, इस महायज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि दधीचि कुंड मिश्रिख से कलश यात्रा से प्रारम्भ हुआ, वृन्दावन से आये हुए कलाकारो ने रासलीला मे अभिनय किया, समिति द्वारा महायज्ञ का कार्यक्रम पचीस वर्षो से निरंतर किया जा रहा है कार्यक्रम का समापन कन्याभोज और भंडारा मे सब भक्तो को प्रसाद वितरण करके किया गया, समिति द्वारा सभी पूर्व यजमानो को स्मृति चिन देकर सम्मनित किया गया, कार्यक्रम मे वर्तमान यज्ञ यजमान दिवाकर बाजपेयी ने विशेष योगदान दिया व पूर्व सभी यजमान उपस्थित रहे, कार्यक्रम मे यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रदुम त्रिवेदी, उपाध्यक्ष मनबहार बाजपेयी, उपाध्यक्ष शिव भगवान त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद अवस्थी, महामन्त्री दिवाकर बाजपेयी, सहमंत्री अतुल मिश्रा, विधिक सलाहकार एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री आशुतोष मिश्रा सहित समिति के सभी लोग भक्तगण एवं सैकडो की सख्या मे लोग उपस्थित रहे।

बेज्जती का बदला लेने के लिए की गई थी प्रॉपर्टी डीलरअतुल की हत्या पुलिस ने किया खुलासा

❖ कर्ज के पैसे के लेनदेन को लेकर मृतक करता था अभियुक्त के साथ गाली गलौज
❖ बकाया पैसे के लिए गाली गलौज से तंग आकरअभियुक्त ने दिया था इस घटना को अंजाम

द अचीवर टाइम्स अनुराग मेहरोत्रा

बाराबंकी। बीते गुरूवार को थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत हबीबपुर के पास किसान पथ की सर्विस लेन के पास कार में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना थाना कुर्सी पुलिस को मिली थी जिसपर तत्काल पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह व कुर्शी प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे व घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था । मृतक के पास से जो प्राप्त पहचान पत्र पुलिस को मिला उस आधार पर उसकी पहचान अतुल पाण्डेय पुत्र कपिल देव पाण्डेय उम्र 38 वर्ष निवासी ह्-2/669ष्ट, ष्ट.रूस. कालेज, सेक्टर-ह्र अलीगंज जनपद लखनऊ के रूप में की गयी थी ।आधार कार्ड के आधार पर पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर बाराबंकी बुलाया/ जिसके आधार पर मृतक के पिता नेचार लोगों के नामजद करते हुए थाना कुर्सी में मुकदमा दर्ज कराया था / मृतक के पिता कपिल देव पाण्डेय ने प्रापर्टी व रुपयों के लेन देन को लेकर 4 संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध हत्या के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर थाना कुर्सी में यामीन, कल्लू निवासीगण पडरी थाना कुर्सी , सत्येन्द्र सोनी उर्फ सोनू व ,माजो पुत्र स्व0 अफजल हसन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने फील्ड यूनिट व डॉग स्क्वाड के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना से सम्बन्धित समस्त पहलुओं की जांच करवायी / संलिप्त अभियुक्त को पड़ने के लिए पुलिस टीम का गठन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए गये। स्वाट ,सर्विलांस व थाना कुर्सी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त से पूछताछ की गई व साक्ष्य संकलन, सीसीटीवी फुटेज व डिजिटल डेटा की मदद से घटना का खुलासा करते हुए अभियुक्त विवेक वर्मा उर्फ विकास पुत्र रामचन्दर वर्मा निवासी अलीगंज लखनऊ का नाम का खुलासा हुआ , जिसे पुलिस ने बेहटा अण्डर पास, थाना कुर्सी से गिरफ्तार किया कर लिया है । अभियुक्त की कब्जेसे 1 छूरा जो क़त्ल करने में इस्तेमाल किया गया था व शर्ट, एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल व कार बरामद किया । एवं चारों नामजद व्यक्तियों की नामजदगी गलत पायी गयी। पूछताछ व साक्ष्य संकलन से प्रकाश में आया कि मृतक अतुल व अभियुक्त विवेक पूर्व से दोस्त थे। अभियुक्त विवेक द्वारा अपनी बहन की शादी के लिए मृतक से 60,000/- रुपये उधार लिये गये थे, जिसमें से 40,000/- रुपये वापस करने शेष थे, जिसे वापस न करने पर मृतक अभियुक्त को गाली गलौज एवं घर जाकर भी बेइज्जत करता था। विवेक द्वारा बेइज्जती से गुस्से में आकर अतुल की हत्या करने हेतु योजना बना डाली । बीते गुरूवार को अभियुक्त विवेक ने मृतक के घर जाकर कुछ रुपयों को वापस देने की बात कह कर एवं पार्टी करने के लिए अतुल के साथ अल्टो कार में ड्राइवर की पीछे वाली सीट पर बैठकर निकल लिये और रास्ते में अतुल को अधिक शराब भी पिलाई गयी । मृतक द्वारा रुपये मांगने पर अभियुक्त द्वारा बहाना बना दिया गया कि जिससे रुपये लेने थे वह अभी आया ही नहीं। मृतक द्वारा पडरी स्थित साइट देखने जाने की बात कहने पर अभियुक्त विवेक भी मौका पाकर उसके साथ हो लिया। मृतक अतुल द्वारा किसान पथ की सर्विस लेन हबीबपुर के पास सिगरेट पीने के दौरान पुनः अभियुक्त को रुपयों के लिए गाली-गलौज करने लगा , जिस पर अभियुक्त विवेक अपना आपा खो बैठा और अपने पास पहले से रखे मछली काटने के छूरे से एक ही बार में वार कर उसकी हत्या कर दी । पुलिस ने अभियुक्त को गिरागतार कर जेल भेज दिया है / खुलासा करने वाली पुलिस टीम में स्वाट स्वाट टीम उ0नि0 अमर कुमार चौरसिया प्रभारी स्वाट टीम, उ0नि0 संजीव प्रकाश सिंह, उ0नि0 अभिमन्यु सिंह, उ0नि0 तनवीर अहमद व सर्विलांस सेल से उ0नि0 रमाकान्त भारतीय प्रभारी सर्विलांस सेल के साथ थाना कुर्सी प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह. व0उ0नि0 चन्द्रकान्त सिंह, उ0नि0 हर्दोष सिंह के साथ अन्य पुलिस कर्मी

सम्पादकीय

मौसम का बदलता मिजाज, खेती-किसानी पर भारी पड़ रहा है अलनीनो



ङ्गदेश के कई राज्यों में जहाँ ज्यादा बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात हैं वहीं कई राज्य उम्मीद से काफी कम बारिश से सूखे की स्तिथि का सामना कर रहें हैं। देश के कई राज्यों में जहाँ ज्यादा बारिश की वजह से बाढ़ जैसे हालात हैं वहीं कई राज्य उम्मीद से काफी कम बारिश से सूखे की स्तिथि का सामना कर रहें हैं। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वोत्तर भारत के कुछ राज्यों को छोड़कर देश के अन्य भागों में वर्षा की भारी कमी देखी गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, अल नीनो के प्रभाव की वजह से पिछली एक सदी से ज्यादा अवधि में अगस्त का यह महीना देश में सबसे अधिक सूखा रहा। अगस्त के महीने में 1901 के बाद सबसे कम बारिश हुई है। देश में वर्षा के आंकड़े 1901 से ही रेफरेंस के तौर पर रखे जाते हैं। बारिश की ऐसी गतिविधि चावल से लेकर सोयाबीन तक, गर्मियों में बोई जाने वाली फसलों की पैदावार को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं। इससे देश में समग्र खाद्य महंगाई बढ़ सकती है, जो जनवरी 2020 के बाद से जुलाई में सबसे ज्यादा हो गई है। अलनीनो की वजह से देशभर में अगस्त के महीने में 34 प्रतिशत कम हुई बारिश हुई। अगस्त का महीना खेती-किसानी पर भारी पड़ा है। वर्तमान मानसूनी मौसम में जुलाई तक के सात प्रतिशत अधिक वर्षा के ग्राफ को भी अलनीनो ने नीचे गिराते हुए 10 प्रतिशत कम कर दिया है।अलनीनो का असर आगे भी जारी रह सकता है जिसकी वजह से सितंबर में भी कम बारिश की संभावना है। इसका असर आगे खरीफ की फसलों पर पड़ सकता है। अल-नीनो की वजह से ये अनुमान तो पहले से ही था कि, उत्तर भारत में मानसून कमजोर रहेगा। लेकिन पिछले महीने अप्रत्याशित रूप से देश के कई हिस्सों में भारी बारिश भी देखी गई। जुलाई में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के कई हिस्सों में रिकॉर्ड बारिश देखी गयी और दिल्ली में यमुना के उफनकर लाल किले तक पहुंचने का दुर्लभ नजारा देखने को मिला। भारी बारिश और भूस्खलन कि वजह से अकेले हिमाचल प्रदेश में कम से कम 150 लोग मारे गये और 10,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कई सारे भूस्खलनों में इमारतें चकनाचूर हो गयी हैं और राजमार्ग अवरुद्ध हो गये हैं। इन भूस्खलनों की फौरी वजह इन राज्यों में हुई अप्रत्याशित रूप से भारी बारिश है और ये पश्चिमी विक्षोभ के अतिरेक के चलते हैं। पश्चिमी विक्षोभ उष्णकटिबंधीय तूफान होते हैं जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में पैदा होते हैं और आम तौर पर उत्तर भारत में शीतकालीन वर्षा कराते हैं। हिमालय क्षेत्र में अंधाधुंध निर्माण और चार धाम सड़क परियोजना की वजह से पहाड़ों की स्थिति को बड़े पैमाने पर बदला गया है। उनके बड़े-बड़े टुकड़े काट कर अलग कर दिये जाने से वे बड़ी उथल-पुथल वाले खतरे की जद में आ गये हैं। अनियोजित निर्माण और भवन-निर्माण के बेतरतीब तौर-तरीकों ने इन क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों के लिए जोखिम बढ़ा दिया है। राज्य सरकारें 'आपदा राहत' के लिए केंद्र से मुआवजा मांगने जैसे अल्पकालिक समाधान खोजती नजर आती हैं।लेकिन समय आ गया है कि, बुनियादी ढांचे के विकास की प्रकृति को लेकर ज्यादा गंभीर चिंतन किया जाए। भारत की कृषि अर्थव्यवस्था अब भी काफी हद तक मॉनसून की गतिविधियों पर निर्भर करती है। भारत का 40त्न से ज्यादा बुआई क्षेत्र सिंचाई के लिए बारिश के पानी पर निर्भर है। इस साल भारत में मानसून की आमद समय से हुई लेकिन देश के अधिकांश हिस्सों में अनिश्चित मानसून पैटर्न की वजह की नुक्सान हो रहा है। रूस-युक्रेन युद्ध ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि देश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर निर्भर नहीं कर सकते बल्कि उन्हें अपनी खाद्य आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भर बनना ही पड़ेगा। मानसून के लिहाज से भारत के 75त्न जिले हॉटस्पॉट हैं और उनमें से 40त्न में मानसून का रुख बदलता रहता है, लिहाजा मानसून के ढर्रे में काफी अनिश्चितताए हैं।

सूखा पड़ने की घटनाओं में वृद्धि के संकेत

पिछले दिनों भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी), गांधीनगर के अनुसंधानकर्ताओं के एक अध्ययन में दावा किया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण भविष्य में भारत में अचानक सूखा पड़ने की घटनाओं में वृद्धि होगी। इसका फसल उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, सिंचाई की मांग बढ़ेगी और भूजल का दोहन बढ़ेगा। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, मिट्टी की नमी में तेजी से कमी आने के चलते अचानक सूखा पड़ने की घटनाएं बढ़ेंगी। यह अध्ययन एनपीजे क्लाइमेट एंड एटमेस्फेरिक साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इसमें ग्रीष्म मानसून के दौरान पड़ने वाले सूखे में मानव जनित जलवायु परिवर्तन की भूमिका की पड़ताल की गई है। अनुसंधानकर्ताओं ने देश में अब तक देखे गए और भविष्य के जलवायु परिदृश्यों के तहत अचानक सूखे की घटनाओं की पड़ताल के लिए मिट्टी में नमी की प्रक्रिया, भारतीय मौसम विभाग के अवलोकन और जलवायु अनुमानों का इस अध्ययन में उपयोग किया।

अस्तित्व से जुड़ा मामला

पूरी दुनियाँ की जलवायु में तेजी से परिवर्तन हो रहा है ,बेमौसम आंधी, तूफ़ान, सूखे और बरसात से हजारों लोगों की जान जा रही है साथ ही सभी ऋतु चक्रों में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। सच्चाई यह है कि पर्यावरण सीधे सीधे हमारे अस्तित्व से जुड़ा मसला है। दुनियाँभर में पर्यावरण सरंक्षण को लेकर काफी बातें, सम्मेलन, सेमिनार आदि हो रही है परन्तु वास्तविक धरातल पर उसकी परिणिति होती दिखाई नहीं दे रही है। जिस तरह क्लामेट चेंज दुनियाँ में भोजन पैदावार और आर्थिक समृद्धि को प्रभावित कर रहा है, उससे आने वाले समय में जिंदा रहने के लिए जरूरी चीजें इतनी महंगी हो जाएगीं कि उससे देशों के बीच युद्ध जैसे हालात पैदा हो जाएंगे। यह खतरा उन देशों में ज्यादा होगा जहाँ कृषि आधारित अर्थव्यवस्था है। पर्यावरण का सवाल जब तक तापमान में बढोत्तरी से मानवता के भविष्य पर आने वाले खतरों तक सीमित रहा, तब तक विकासशील देशों का इसकी ओर उतना ध्यान नहीं गया। परन्तु अब जलवायु चक्र का खतरा खाद्यान्न उत्पादन पर पड रहा है, किसान यह तय नहीं कर पा रहे है कब बुवाई करे और कब फसल काटें । तापमान में बढ़ोत्तरी जारी रही तो खाद्य उत्पादन 40 प्रतिशत तक घट जायेगा, इससे पूरे विश्व में खाद्यान्नों की भारी कमी हो जायेगी । ऐसी स्थिति विश्व युद्ध से कम खतरनाक नहीं होगी। देश दुनियाँ में जलवायु परिवर्तन की वजह से बाढ़ और सूखे की जो समस्याएं अभी हैं उनसे निपटने के लिए हमें प्रकृति के साथ सह अस्तित्व में रहना सीखना होगा । सह अस्तित्व का मतलब प्रकृति के अस्तित्व को सुरक्षित रखते हुए मानव विकास करे । प्रकृति और मानव दोनों का ही अस्तित्व एक दूसरें पर निर्भर है इसलिए प्राकृतिक संसाधनों का क्षय न हो ऐसा संकल्प और ऐसी ही व्यवस्था की जरुरत है। कुलमिलाकर देश के प्राकृतिक संसाधनों का ईमानदारी से दोहन और पर्यावरण के संरक्षण के लिए सरकारी प्रयास के साथ साथ जनता की सकारात्मक भागीदारी की जरुरत है ।

डबल इंजन सरकार की विफलता का सबब है मणिपुर की हिंसा

मणिपुर हिंसा के छह महीने बीत चुके हैं। इस हिंसा का इतने लंबे समय तक जारी रहना और अब भी इसका हल न निकल पाना %डबल इंजन सरकार% की विफलता है। बीते पखवाड़े दो खबरें सुर्खियों में थीं ॾ विश्व कप क्रिकेट के मैच और गाजा में इस्राइल की निरंकुश बमबारी। इनमें से पहली या दूसरी खबर के प्रति हमारे आकर्षण का ही नतीजा रहा कि एक दुखद घटनाक्रम से जुड़ी तिथि हमारे अनजाने ही निकल गई ॾ मणिपुर हिंसा के छह महीने बीत गए। मणिपर में हिंसा शुरू होने के कुछ महीने बाद मैंने द टेलीग्राफ में लिखा था, और एक वेबसाइट को इंटरव्यू देते हुए भी कहा था कि हमें इस हिंसा की गंभीरता समझनी चाहिए। अपने इस कॉलम में मैं मणिपुर संकट पर, शायद व्यर्थ ही, ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करूंगा, जो सातवें महीने में प्रवेश कर चुका है। मणिपुर के प्रति मेरी उत्सुकता शुरुआत में एक इतिहासकार की उत्सुकता थी कि 1949 में स्वतंत्र भारत का हिस्सा बनने के बाद से उसकी अब तक की यात्रा कैसी रही है। मणिपुर के प्रति मेरी रुचि कुछ साल पहले उस राज्य की यात्रा करने पर बढ़ी, जब मैं उसके प्राकृतिक सौंदर्य, संगीत और नृत्य की उसकी समृद्ध परंपरा, वहां की स्त्रियों की स्वतंत्रता और तीन मुख्य नस्लीय समूहों- मैतेई, नगा कुकी और कुकी के एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धी संबंधों के बारे में देख-जानकर दंग रह गया। इतिहासकार और पर्यटक, दोनों ही भूमिकाओं में मैं मणिपुर में व्याप्त तनावों को देख पाया था, लेकिन वहां का मौजूदा संकट न सिर्फ अभूतपूर्व है, बल्कि सोचा भी नहीं गया था कि संकट यह रूप लेगा। पिछले कुछ महीनों से मैतेई और कुकी उग्रवादी एक दूसरे से दुश्मनों की तरह पेश आ रहे हैं। वहां जो हिंसा हुई, उसे ऑनलाइन और भी भीषण रूप दिया गया। जैसा कि हम जानते हैं, गोदी मीडिया ने मणिपुर हिंसा के ब्योरों को छिपाया और उनकी अनदेखी की। सौभाग्य से कुछ स्वतंत्र वेबसाइटों ने हमें बताया कि वहां वास्तव में हो क्या रहा है। मैंने भी वहां रहने वाले अपने सहयोगियों के संपर्क में रहते हुए उनसे लगातार बातचीत की। मेरा यह विश्लेषण इन्हीं सबूतों के आधार पर है। ऐसा नहीं है कि मई, 2023 से पहले राज्य में मैतेई और कुकी सौहार्दपूर्ण तरीके से रहते थे। उनका धर्म अलग है, ज्यादातर कुकी ईसाई हैं, जबकि अधिसंख्य मैतेई हिंदू हैं। कुकी पहाड़ों में रहते हैं, जबकि मैतेई का इंफाल घाटी में वर्चस्व है। मैतेई राजनेता जिस वर्चस्ववादी रवैये का प्रदर्शन करते थे, वह कुकियों को क्षुब्ध करता था। जबकि मैतेई शिकायत करते थे कि कुकियों को अनुसूचित जनजाति का जो दर्जा मिला हुआ है, उससे उन्हें नौकरी मिलने में आसानी होती है।

नस्लीय और धार्मिक हिंसा हमारे यहां आम है। इसके बावजूद हिंसा के स्तर और ध्रुवीकरण के कारण मणिपुर की हिंसा बेहद गंभीर है। स्वतंत्र विश्लेषकों द्वारा इकट्ठा किए गए सबूत बताते हैं कि इस हिंसा में कुकी को अपेक्षाकृत ज्यादा नुकसान हुआ, क्योंकि मैतेई समुदाय के पास सत्ता की ताकत है, पुलिस और नौकरशाही मैतेई राजनेताओं को ही रिपोर्ट करती है। इस विषमता से जुड़ा एक तथ्य यह है कि राज्य में, एक आंकड़े के मुताबिक, दो सौ से भी गिरजाघरों को ध्वस्त कर दिया गया है। राज्य की इस बदहाली के लिए तीन लोगों को अपनी जवाबदेही स्वीकारनी ही चाहिए। इनमें से पहले हैं राज्य के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह, जो स्पष्ट रूप से मैतेई समुदाय के पक्ष में दिखे। बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार का वैचारिक पक्षपात इसकी प्रशासनिक अक्षमता से पूरी तरह मेल खाता दिखा है। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, हिंसा शुरू होते ही राज्य सरकार ने उग्रवादियों को बड़ी मात्रा में हथियार लूटने की अनुमति ही नहीं दी, बल्कि प्रोत्साहित भी किया। हिंसा के छह महीने से अधिक हो चुके हैं, लेकिन लूटे गए हथियारों का मामूली हिस्से की ही बरामदगी हुई है। मणिपुर की इस त्रासदी के लिए जो दूसरे व्यक्ति जिम्मेदार हैं, वह हैं केंद्रीय गृह मंत्री, जिन्होंने राज्य के एक छोटे-से दौरे के अलावा हिंसा रोकने के लिए शायद ही कोई प्रभावी कदम उठाया। इसके बजाय उन्होंने उन राज्यों में मतदाताओं को ध्रवीकृत करने के लिए अपनी ऊर्जा खर्च की, जहां विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। तीसरे व्यक्ति हैं खुद प्रधानमंत्री, जिन्होंने राज्य का दौरा ही नहीं किया, इसके बजाय उन्होंने मुख्यमंत्री और अपने गृह मंत्री को अपनी मनमर्जी का करने दिया। चाहे यह संवेदनहीनता हो या फिर दंभ, लेकिन मणिपुर के लोगों के प्रति कोई रुचि न दिखाना देश के प्रधानमंत्री के लिए शोभनीय नहीं है। नरेंद्र मोदी अगर मणिपुर का दौरा करते और पहाड़ तथा घाटी, दोनों जगह जाते, तो इससे यह संदेश जाता कि उन्हें मणिपुर की फिक्र है। इससे संभवतॽ दोनों हिंसक समुदायों के नेताओं के बीच बातचीत और मेलजोल की शुरुआत भी हो सकती थी। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के पक्षपाती आचरण का कारण शायद यह है कि मैतेई समुदाय के वर्चस्ववाद का संदेश देकर वह राज्य की सत्ता में बने रह सकते हैं। लेकिन अमित शाह और नरेंद्र मोदी ने मणिपुर और वहां के लोगों के प्रति उपेक्षा का परिचय क्यों दिया? क्या इसलिए कि बीरेन सिंह को बर्खास्त करने से, जो उनका पहला फैसला होना चाहिए था, उनकी कमजोरी प्रमाणित होती? क्या इसलिए कि कुकियों को निशाना बनाने से लोकसभा चुनाव में उन्हें बड़ी संख्या में हिंदुओं के वोट मिलेंगे? या हिंसा न रोक पाना उनकी अयोग्यता का सबूत है? अपने नायक सरदार वल्लभभाई पटेल के स्वभाव के विपरीत, मोदी और शाह प्रोपोगैंडा फैलाने और अपनी छवि चमकाने में माहिर हैं, इन दोनों में ही पटेल की तरह ज्ञान के साथ शासन करने या समझ-बूझ व लोगों की परवाह करते हुए प्रशासन चलाने की योग्यता का अभाव है। पिछले कुछ महीनों में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने मणिपुर पर चुप्पी साध रखी है, जबकि राजस्थान, तेलंगाना और दूसरी जगहों में चुनाव प्रचार करते हुए वे कई मुद्दों पर बोल रहे हैं। दिलचस्प यह है कि आरएसएस के सरसंघचालक ने विजयदशमी के अपने संबोधन में कहा, %लंबे समय से साथ रह रहे मैतेई और कुकी आपस में क्यों लड़ रहे हैं?...इससे किसको लाभ मिलता है? क्या इसमें बाहरी हाथ है? देश में मजबूत सरकार है। गृह मंत्री ने राज्य का दौरा किया है। इसके बावजूद जब शांति रहती है, तब कुछ त्रासदियां घटित होती हैं।% मोहन भागवत के भाषण के पहले और बाद में भी सोशल मीडिया पर हिंदुत्ववादियों ने मणिपुर हिंसा के लिए बाहरी तत्वों को जिम्मेदार ठहराया है। मणिपुर हिंसा का इतने लंबे समय तक जारी रहना और अब भी इसका हल न निकल पाना 'डबल इंजन सरकार' की विफलता है।

जानना जरूरी है संस्कृति के पन्नों से, कैसे बना संसार का प्रथम श्लोक?

महर्षि वाल्मीकि ने अपने शिष्य भरद्वाज से कहा, **'मेरे मुख से जो छंद निकला है, वह शोक की अवस्था में उत्पन्न हुआ है इसलिए इसे 'श्लोक' कहा जाएगा।'**

श्लोक शब्द सुनते ही मन में मांगलिक कार्य की छवि आँखों के सामने उभर आती है। परंतु आपको आश्चर्य होगा कि श्लोक जैसे पवित्र छंद की उत्पत्ति एक निर्दोष जीव की हत्या के कारण हुई। संसार का प्रथम श्लोक, वास्तव में एक ऋषि द्वारा अनजाने में दिया गया शाप है! कथा यह है कि एक बार देवर्षि नारद, महर्षि वाल्मीकि से मिलने तमसा नदी पर स्थित उनके आश्रम में गए। तब वाल्मीकि ने नारद से प्रश्न किया कि संसार में इस समय ऐसा गुणवान्, धर्मज्ञ, सत्यवक्ता, सामर्थ्यशाली, प्रियदर्शन (सुंदर), कांतिमान् व्यक्ति कौन है, जिसके कोप से देवता भी डरते हैं? नारद ने वाल्मीकि को इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न हुए दशरथङ्कपुत्र

श्रीराम के विषय में बताया। इसके बाद देवर्षि लौट गए। इधर, तमसा का स्वच्छ जल देखकर वाल्मीकि के मन में स्नान करने की इच्छा हुई। उनके शिष्य भरद्वाज भी उनके साथ थे। जिस समय ऋषि, नदी में स्नान करने की तैयारी कर रहे थे, विधाता की कलम, प्रथम 'श्लोक' की उत्पत्ति की पटकथा लिख रही थी। तमसा के तट पर क्रौंच (सारस अथवा बगुला प्रजाति का पक्षी) का एक जोड़ा काम-क्रीड़ा में रत था। एक निषाद की दृष्टि उस पर पड़ी। उन्हें देखकर निषाद ने क्रौंच युगल पर निशाना साधकर बाण चला दिया। निषाद का बाण, नर क्रौंच की छाती के पार हो गया। उसे छटपटाता देखकर मादा क्रौंच विलाप करने लगी। कुछ ही क्षण बाद, नर क्रौंच के प्राण निकल गए। क्रौंच-वध का यह प्रकरण वाल्मीकि की दृष्टि में अधर्म था। वाल्मीकि को इतना शोक हुआ कि उनके मुख से एक छंद निकल गया ङ्क

मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।

यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीॽ काममोहितम् ।।

अर्थात - हे निषाद! तुझे कभी प्रतिष्ठा (सम्मान) न मिले क्योंकि तूने काम से मोहित इस क्रौंच के जोड़े में से एक की हत्या की है। यह कहने के उपरांत महर्षि वाल्मीकि को एहसास हुआ कि उन्होंने वास्तव में शाप दिया है और अनजाने में उनसे एक नए छंद की रचना हो गई। उन्होंने अपने शिष्य भरद्वाज से कहाङ्क'मेरे मुख से जो छंद निकला है, वह शोक की अवस्था में उत्पन्न हुआ है, इसलिए इसे 'श्लोक' कहा जाएगा।%बाद में छंद पर और विचार करने पर वाल्मीकि ने पाया कि वह छंद चार पाद में आबद्ध था और प्रत्येक पाद में आठ-आठ अक्षर थे। कुल मिलाकर, 32 अक्षर वाले इस छंद को लय में भी गाया जा सकता था। छंद की इस नवीन शैली को 'अनुष्टुप' नाम मिला। इस तरह वाल्मीकि द्वारा 'अनुष्टुप' शैली में संसार के प्रथम श्लोक की रचना हुई। यहां प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि वाल्मीकि द्वारा उच्चारित यह छंद यदि पहला श्लोक था, तो इससे पूर्व वैदिक-कालीन संस्कृत साहित्य में उपलब्ध छंद क्या कहलाते हैं? दरअसल वैदिक साहित्य के अधिकांश छंद 'मंत्र' या 'ऋचा' कहलाते हैं। मंत्रों के लिए यह भी कहा जाता है कि वे मानव-रचित नहीं होते, अपितु गहन ध्यान की अवस्था में मानस- पटल पर दैवीय प्रेरणा से स्वयं अवतरित होते हैं। यही बात संभवतॽ ऋचाओं पर भी लागू होती है। ऋचा शब्द 'ऋच' से धातु से बना है जिसका अर्थ है स्तुति/प्रशंसा करना। वेदों की अधिकतर ऋचाओं में किसी न किसी देवी-देवता की स्तुति/प्रशंसा की गई है। वेदांग की छह में से एक शाखा छंद है। जानकारी के अनुसार, छंद-शास्त्र में 1,300 प्रकार के छंदों का उल्लेख मिलता है और इनकी रचना के नियम भी अलग हैं। यह भी रोचक तथ्य है कि जहां सबसे पहले श्लोक का प्रयोग (अनजाने में) शाप देने के लिए हुआ, वहीं आज श्लोक (और मंत्रों आदि) का अधिकांश प्रयोग पूजा-अर्चना अन्य मांगलिक कार्यों की सिद्धि के लिए किया जाता है।

24,000 श्लोकों से युक्त रामायण ग्रंथ की रचना

महर्षि वाल्मीकि तमसा नदी में स्नान करके पुनॽ अपने आश्रम में लौट आए किंतु उनके मन से श्लोक का विचार नहीं गया। तभी सृष्टिकर्ता भगवान् ब्रह्मा ने उन्हें दर्शन दिए और बोले ङ्क 'महर्षि, आपके मुख से यह छंद, मेरी ही प्रेरणा से निकला है। इसलिए अब आप इसी छंद का प्रयोग करके श्रीराम के संपूर्ण चरित्र का वर्णन कीजिए।' इस तरह कालांतर में, वाल्मीकि द्वारा 24,000 श्लोकों से युक्त संपूर्ण 'रामायण' ग्रंथ की रचना हुई।

रंगत खोते हमारे सामाजिक त्यौहार।

-डॉ0 सत्यवान सौरभ

बाजारीकरण ने सारी व्यवस्थाएं बदल कर रख दी है। हमारे उत्सव-त्योहार भी इससे अछूते नहीं रहे। शायद इसीलिए प्रमुख त्योहार अपनी रंगत खोते जा रहे हैं और लगता है कि त्योहार सिर्फ औपचारिकताएं निभाने के लिए मनाये जाते हैं। किसी के पास फुरसत ही नहीं है कि इन प्रमुख त्योहारों के दिन लोगों के दुख दर्द पूछ सकें। सब धन कमाने की होड़ में लगे हैं। गंदी हो चली राजनीति ने भी त्योहारों का मजा किरकिरा कर दिया है। हम सैकड़ों साल गुलाम रहे। लेकिन हमारे बुजुर्गों ने इन त्योहारों की रंगत कभी फीकी नहीं पड़ने दी। आज इस अर्थ युग में सब कुछ बदल गया है। कहते थे कि त्योहार के दिन न कोई छोटा। और न कोई बड़ा। सब बराबर। लेकिन अब रंग प्रदर्शन भर रह गये हैं और मिलन मात्र औपचारिकता। हम त्योहार के दिन भी हम अपनो से, समाज से पूरी तरह नहीं जुड़ पाते। जिससे मिठाइयों का स्वाद कसैला हो गया है। बात तो हम पूरी धरा का अंधेरा दूर करने की करते हैं, लेकिन खुद के भीतर व्याप्त अंधेरे तक को दूर नहीं कर पाते। त्योहारों पर हमारे द्वारा की जाने वाली इस रस्म अदायगी शायद यही इशारा करती है कि हमारी पुरानी पीढ़ियों के साथ हमारे त्योहार भी विदा हो गये। कृषि प्रधान होने के कारण प्रत्येक ऋतु परिवर्तन हंसी-खुशी मनोरंजन के साथ अपना-अपना उपयोग रखता है। इन्हीं अवसरों पर त्योहार का समावेश किया गया है,जो उचित है। प्रथम श्रेणी में वे व्रतोत्सव, पर्व-त्योहार और मेले है, जो सांस्कृतिक हैं और जिनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों और विचारों की रक्षा करना है। इस वर्ग में हिन्दूओं के सभी बड़े-बड़े पर्व-त्योहार आ जाते है, जैसे - होलिका-उत्सव, दीपावली, बसन्त,श्रावणी, संक्रान्ति आदि। संस्कृति की रक्षा इनकी आत्मा है। दूसरी श्रेणी में वे पर्व-त्योहार आते है,जिन्हे किसी महापुरूष की पुण्य स्मृति में बनाया गया है। जिस महापुरूष की स्मृति के ये सूचक है, उसके गुणों, लीलाओं, पावन चरित्र, महानताओं को स्मरण रखने के लिए इनका विधान है। इस श्रेणी में रामनवमी, कृष्णाष्टमी, भीष्म - पंचमी, हनुमान- जयंती, नाग- पंचमी आदि त्योहार रखे जा सकते हैं। यानि यहां हर दिन में एक त्यौहार अवश्य पड़ता है। अनेकता में एकता की मिसाल इसी त्यौहार पर्व के अवसर पर देखी जाती है। रोजमर्रा की भागती-दौड़ती, उलझनों से भरी हुई ऊर्जा प्रधान हो चुकी, वीरान सी बनती जा रही जिंदगी में ये त्यौहार ही व्यक्ति के लिए सुख, आनंद, हर्ष एवं उल्लास के साथ ताजगी भरे पल लाते हैं। यह मात्र हिंदू धर्म में ही नहीं वरन् विभिन्न धर्मों, संप्रदायों पर लागू होता है। वस्तुतः ये पर्व विभिन्न जन समुदायों की सामाजिक मान्यताओं, परंपराओं और पूर्व संस्कारों पर आधारित होते हैं। सभी त्यौहारों की अपनी परंपराएं, रीति -रिवाज होते हैं। ये त्यौहार मानव जीवन में करुणा, दया, सरलता, आतिथ्य सत्कार, पारस्परिक प्रेम, सद्भावना, परोपकार जैसे नैतिक गुणों का विकास कर मनुष्य को चारित्रिक एवं भावनात्मक बल प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति के गौरव एवं पहचान ये पर्व, त्यौहार सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हैं। सामाजिक त्योहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल के निर्माण में सहायता करने के लिए अद्भुत अवसर प्रदान करते हैं। पारस्परिक कौशल में दूसरों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने और बातचीत करने की क्षमता शामिल है और आत्मविश्वास स्वयं और स्वयं की क्षमताओं में विश्वास है, जो दोनों दूसरों के साथ सकारात्मक संबंध बनाने के लिए आवश्यक हैं। सामाजिक त्योहार विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं के संपर्क में लाते हैं, जो उनके क्षितिज को व्यापक बना सकते हैं और उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और समझ विकसित करने में मदद कर सकते हैं। नए दोस्त और संपर्क बना सकते हैं, जो समुदाय से अधिक जुड़ाव महसूस करने और अपनेपन की भावना विकसित करने में मदद कर सकते हैं। ये आयोजन इसे विकसित करने का एक शानदार तरीका है क्योंकि वे बहुत सारे लोगों को एक साथ लाते हैं, और इस तरह एकता और भाईचारे की भावना पैदा करते हैं। ये जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के प्रति अधिक स्वीकार्य, सहिष्णु और समावेशी होना सिखाते हैं। बाजारीकरण ने सारी व्यवस्थाएं बदल कर रख दी है। हमारे उत्सव-त्योहार भी इससे अछूते नहीं रहे। शायद इसीलिए प्रमुख त्योहार अपनी रंगत खोते जा रहे हैं और लगता है कि हम त्योहार सिर्फ औपचारिकताएं निभाने के लिए मनाये जाते हैं। किसी के पास फुरसत ही नहीं है कि इन प्रमुख त्योहारों के दिन लोगों के दुख दर्द पूछ सकें। सब धन कमाने की होड़ में लगे हैं। गंदी हो चली राजनीति ने भी त्योहारों का मजा किरकिरा कर दिया है। हम सैकड़ों साल गुलाम रहे। लेकिन हमारे बुजुर्गों ने इन त्योहारों की रंगत कभी फीकी नहीं पड़ने दी। आज इस अर्थ युग में सब कुछ बदल गया है। कहते थे कि त्योहार के दिन न कोई छोटा। और न कोई बड़ा। सब बराबर। लेकिन अब रंग प्रदर्शन भर रह गये हैं और मिलन मात्र औपचारिकता। हम त्योहार के दिन भी हम अपनो से, समाज से पूरी तरह नहीं जुड़ पाते। जिससे मिठाइयों का स्वाद कसैला हो गया है। बात तो हम पूरी धरा का अंधेरा दूर करने की करते हैं, लेकिन खुद के भीतर व्याप्त अंधेरे तक को दूर नहीं कर पाते। त्योहारों पर हमारे द्वारा की जाने वाली इस रस्म अदायगी शायद यही इशारा करती है कि हमारी पुरानी पीढ़ियों के साथ हमारे त्योहार भी विदा हो गये। हमारे पर्व त्योहार हमारी संवेदनाओं और परंपराओं का जीवंत रूप हैं जिन्हें मनाना या यूँ कहें की बार-बार मनाना, हर साल मनाना हर समाज बंधु को अच्छा लगता है। इन मान्यताओं, परंपराओं और विचारों में हमारी सभ्यता और संस्कृति के अनगिनत सरोकार छुपे हैं। जीवन के अनोखे रंग समेटे हमारे जीवन में रंग भरने वाली हमारी उत्सवधर्मिता की सोच मन में उमंग और उत्साह के नये प्रवाह को जन्म देती है। हमारा मन और जीवन दोनों ही उत्सवधर्मी है। हमारी उत्सवधर्मिता परिवार और समाज को एक सूत्र में बांधती है । संगठित होकर जीना सिखाती है । सहभागिता और आपसी समन्वय की सौगात देती है । हमारे त्योहार, जो हम सबके जीवन को रंगों से सजाते हैं, सामाजिक त्यौहार एक अनूठा मंच प्रदान करते हैं इनमे साथियों के साथ सहयोग करने, मिलने और सामूहीकरण करना, अपनी प्रतिभा दिखाने और विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के बारे में सिखाने और सीखने की क्षमता होती है। ये कौशल हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा हैं और अक्सर हमारे जीवन के लगभग सभी पहलुओं के मूल में होते हैं। इसलिए, वर्तमान समय में इनकी प्रासंगिकता का जहां तक प्रश्न है, व्रत -त्यौहारों के दिन हम उक्त देवता को याद करते हैं, व्रत, दान तथा कथा श्रवण करते हैं जिससे व्यक्तिगत उन्नति के साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी दिखाई पड़ता है। इसमें भारतीय संस्कृति के बीज छिपे हैं। ''पर्व त्यौहारों का भारतीय संस्कृति के विकास में अप्रतिम योगदान है। भारतीय संस्कृति में व्रत, पर्व -त्यौहार उत्सव, मेले आदि अपना विशेष महत्व रखते हैं।

प्रेस क्लब अनपरा का शपथ ग्रहण समारोह

कलमकारों को पांच फीट की कलम भेंट की गई

नव निर्वाचित अध्यक्ष आर पी सिंह ने पहना चांदी का ताज

संवाददाता

अनपरा/सोनभद्र। ऊर्जांचल की धरती सृजन का नया इतिहास लिखने को तैयार है, कलम के सिपाही इस नई भूमिका के लिए तैयार हैं, यह कहना था वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी का जो प्रेस क्लब अनपरा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि पत्रकारों की एकजुटता के लिए प्रेस क्लब अनपरा एक उदाहरण प्रस्तुत करेगा। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई, इस अवसर पर एक छोटे बच्चे साहिल सिंह द्वारा पांच फीट की निर्मित कलम को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सौंपा गया। मुख्य अतिथि द्वारा अध्यक्ष आर पी सिंह, महामंत्री गोविंद मिश्रा, उपाध्यक्ष दरोगा देव यादव, मंत्री विक्रम सिंह सोढी को शपथ दिलाई गई । उस समय सभागार तालियों से गूंज उठा जब अध्यक्ष आरपी सिंह को चांदी का मुकुट पहनाया गया । सभी सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र भी सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित इलेक्ट्रानिक मीडिया के सोनभद्र के जिलाध्यक्ष शांतनु विश्वास ने शुभकामना व्यक्त करते हुए समाचारों की निष्पक्षता पर बल दिया । यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय विनीत ने कहा कि सोनभद्र के पत्रकारों ने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज को दिशा देने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। डाला प्रेस क्लब के अध्यक्ष सनोज तिवारी ने पत्रकारों को लोक कल्याणकारी कदम पर चलने की सलाह दी। अध्यक्ष आरपी सिंह और संजय सिंह पन्ना द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को अंगवस्त्रम देकर अभिनंदन किया। अध्यक्षीय उदबोधन करते हुए इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट के पदाधिकारी संजय द्विवेदी ने कहा कि यह प्रेस क्लब अनपरा के लिए ऐतिहासिक अवसर है कि देश के प्रखर पत्रकारों और प्रमुख संगठनों के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। समारोह का संचालन करते हुए चंद्रमौलि मिश्रा ने प्रेस क्लब अनपरा की भावी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर नगर पंचायत अनपरा के अध्यक्ष विश्राम प्रसाद बैसवार, क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष शेष नाथ सिंह समाजसेवी धनञ्जय उर्फ बबलू श्रीवास्तव,धर्मेन्द्र सिंह,बी के सिंह,कृष्णा सिंह के साथ-साथ पत्रकार जय प्रकाश सिंह, गजेन्द्र गुप्ता, नौसादअंसारी, संजय सिंह पन्ना, उमेश सिंह, संदीप शर्मा, अरमान खान, रोशन शर्मा, जगरनाथ व दीपक कुमार मौजूद रहे

विवि का उत्कृष्ट प्रदर्शन सभी के सहयोग का परिणाम कुलपति

कुमारगंज अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एग्री बिजनेस मैनेजमेंट में समस्त संकाय, सदस्य, वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केंद्रों की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में लगातार उत्कृष्ट कार्यों एवं प्रदर्शन को देखते हुए कुलपति के सम्मान में रखा गया। इस मौके पर कुलपति अपनी धर्मपत्नी मीना सिंह सहित पूरे परिवार के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रेक्षागृह में मौजूद सभी शिक्षकों ने माला व बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय शोध, शिक्षा, प्रसार के अलावा हर दिन एक नई ऊंचाईयों की तरफ आगे बढ़ रहा है, यह सभी के सहयोग का परिणाम है। जहां विवि की रैंकिंग में कोई पहचान नहीं थी वहीं अब कृषि विवि एनआइआरएफ रैंकिंग में 35वें स्थान पर खड़ा है।

समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक

संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज, गोमती नगर लखनऊ में समाजवादी शिक्षक सभा उत्तर प्रदेश की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक एवं मनोनयन पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शिक्षक सभा के सभी मण्डल प्रभारियों द्वारा जनपदवार समाजवादी शिक्षक सभा के पदाधिकारियों का परिचय करवाया गया एवं तत्पश्चात प्रदेश पदाधिकारियों का परिचय करवाते हुए सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एस पी सिंह पटेल जी ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत एवं धन्यवाद दिया। प्रदेश अध्यक्ष जी ने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वह वर्तमान निरंकुश एवं शिक्षक विरोधी उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष धारा 12, धारा 18, धारा 21 एवं पुरानी पेंशन बहाल करवाने हेतु एक जन आंदोलन खड़ा करना होगा और अपनी मांगों को पूरा करवाने हेतु इस सरकार को मजबूर करना होगा। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए शिक्षक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव डॉ कमलेश यादव जी ने शिक्षक सभा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक सभा को मजबूत बनाने पर बल दिया। लखनऊ पब्लिक कालेज के प्रबंधक श्री एस पी सिंह पटेल जी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार में सभी वर्ग दुखी और पीड़ित हैं। वर्तमान सरकार में शिक्षकों एवं जनमानस का कल्याण होने वाला नहीं है, इसके लिए समाजवादी सरकार का आना आवश्यक हैं। कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती अंशु चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वश्री डॉ निर्भय सिंह गुर्जर, शाह आलम खान, जंगबहादुर पटेल, गुमान सिंह यादव, कौशल कुमार भदौड़ा, प्रदेश महासचिव सर्वश्री राम सजीवन रावत, दिग्विजय पटेल, डॉ प्रमोद यादव, डॉ जितेन्द्र प्रसाद मिश्र, डॉ शाकिब, श्री रामलाल विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव सर्वश्री डॉ आकिल हुसैन, माणिदेव मल्ल, डॉ शरद वर्मा, श्री दिनेश सिंह एवं डॉ आशुतोष वर्मा के अतिरिक्त प्रदेश के सभी पदाधिकारी, सभी जिलों के अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित रहे।

एक नज़र

बाला जी धर्मार्थ सेवा संस्थान द्वारा नगर के माँ संकटा देवी धाम पर सवा मनि हवन, विशाल भंडारा, एवं भव्य बाला जी जागरण का आयोजन किया गया

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद सीतापुर। बाला जी धर्मार्थ सेवा संस्थान द्वारा नगर के माँ संकटा देवी धाम पर सवा मनि हवन , विशाल भंडारा,एवं भव्य बाला जी जागरण का आयोजन किया गया ,मुख्य आयोजक,अंशुल जैन कपिल अवस्थी मोनू गुप्ता संजय जायसवाल ,हरीश श्रीवास्तव,अवधेश सोनी एवं समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा किया गया ! जिसमें नगर सभी सम्मानित समाज सेवी माताओ बहनों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

राजा मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान जी (पूर्व विधायक महमूदाबाद क्षेत्र) के शान्ति पाठ कार्यक्रम किया गया

द अचीवर टाइम्स सुशील अवस्थी

महमूदाबाद सीतापुर। राजा महमूदाबाद राजा मोहम्मद अमीर मोहम्मद खान जी (पूर्व विधायक महमूदाबाद क्षेत्र) के शान्ति पाठ कार्यक्रम आज उनमें महमूदाबाद किले में सम्पन्न हुआ जिसमें प्रदेश की नाम चीन हस्तियां पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा सीता ग्रुप के चेयरमैन रमेश बाजपेयी जिला पंचायत प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता के के सिंह ,पूर्व कार्य वाहक मुख्यमंत्री डॉअम्मार रिजवी, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी अतुल वर्मा आदि लोगो ने शांति पाठ में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की !

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष तिथियां 4 व 5 नवंबर के क्रम में आज जनपद के विभिन्न विद्यालयों में चल रहे पुनरीक्षण कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों का जवाब तलब करने के निर्देश जिलाधिकारी

द अचीवर टाइम्स फसाद खान

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर के विभिन्न विद्यालयों में चल रहे विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कॉलेज, डॉ सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज बाल विद्या मंदिर, इस्लामिया इंटर कॉलेज, प्राइमरी विद्यालय अंटा , एब्रिच इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं ठीक नही पाई गईं। मतदेय स्थलों पर कर्मचारी भी अनुपस्थित पाए गए। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 27.10.2023 को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया जा चुका है। दावे और आपत्ति प्राप्त करने की अवधि दिनांक 27.10.2023 से 09.12.2023 तक निर्धारित है। इस अवधि में दिनांक 04 व 05 नवम्बर, 2023 25 व 26 नवम्बर, 2023 को विशेष अभियान तिथियां भी निर्धारित है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे पुनरीक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया 7 निरीक्षण के दौरान राजकीय इंटर कॉलेज में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार न करने पर, जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए तहसीलदार सदर का जवाब तलब करने के निर्देश दिए । इसी क्रम में उन्होंने डॉ सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया, अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मचारियों के जवाब तलब करने के निर्देश दिए। साथ ही उपस्थित अन्य कर्मचारियों को एक-एक कर मोहल्ले में भ्रमण करके कार्य करने के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय, अंटा, एब्रिच इंटर कॉलेज में कम नाम दर्ज होने पर भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि शाम 4:00 बजे तक मतदेय स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। अन्यथा की स्थिति में कड़ी करवाही अमल में लाई जाएगी।

जगतगुरु परमहंसाचार्य 7 नवंबर से करेंगे आमरण-अनशन, किया स्थल का भूमिपूजन

अयोध्या। अयोध्याधाम स्थित आचार्य पीठ तपस्वी जी की छावनी, रामघाट के जगतगुरु स्वामी परमहंस आचार्य भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने हेतु आगामी 7 नवंबर से अन्न-जल का परित्याग कर आमरण-अनशन करेंगे। इसको लेकर उन्होंने शनिवार को अपने आश्रम परिसर में अशोक वृक्ष के नीचे वैदिक मंत्रोच्चार संग आमरण-अनशन स्थल का भूमिपूजन किया। वह आश्रम परिसर में अशोक पेड़ के नीचे बैठकर मंगलवार से आमरण-अनशन करेंगे। भूमिपूजन के बाद परमहंसाचार्य ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि आचार्य पीठ तपस्वी जी की छावनी अयोध्या की सबसे पुरानी छावनी है। जहां के वह वर्तमान में पीठाधीश्वर हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए वे एक लंबे समय से संवैधानिक लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके लिए उन्होंने पूरे देश में घूम-घूमकर हिंदू राष्ट्र की अलख जगाया।

डीएम, एसएसपी ने बिल्सी में सुनी जनशिकायतें

❖ समाधान दिवस में कुल 81 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से मौके पर 11 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

संवाददाता

बिल्सी/ बदायूं। जिलाधिकारी मनोज कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ओ0पी0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र शासन की मंशा के अनुरूप निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट भी होना चाहिए। शिकायतकर्ता को शिकायत लेकर बार-बार दौड़ना न पड़े। शिकायतों को प्राथमिकता पर शासन की मंशानुसार समय से निस्तारण करें। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 81 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 11 शिकायतों का निस्तारण किया गया। उन्होंने शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में 14 कृषकों को निःशुल्क सरसो के उन्नत बीज की किट वितरित की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बिल्सी प्रावधान शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रदीप सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मतदाता पुनरीक्षण अभियान की हुई शुरुआत

द अचीवर टाइम्स ङ्क निखिल मिश्रा

मलिहाबाद। उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ में मतदाता पुनरीक्षण अभियान की शुरुआत हो चुकी है जिसमे नए मतदाताओं के नाम बढ़ाने संशोधन विलोपन आदि कार्य बूथों पर किए गए बीएलओ ड्यूटी पर शिक्षामित्र आशा आंगनबाड़ी उपस्थित रही।इस दौरान एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार ने बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा परखा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही लेखपाल कानूनगो क्षेत्र में भ्रमण शील रहे। मतदाता बूथों पर पहुँच कर सूची में अपना नाम देखकर विलोपन संसोधन करने के लिए फार्म भरे।एसडीएम मीनाक्षी पांडेय ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता अपने बूथों पर जाकर सूची में अपने नाम की पड़ताल कर ले। 1जनवरी 2023 को 18 साल पूरे करने वाले युवा मतदाता सूची में अपना नाम बढ़वाकर मतदाता बने।निर्धारित बूथों पर सुबह 10 बजे से 4 बजे तक मौजूद रहकर मतदाता सूची का कार्य सम्पादित किया गया।एसडीएम मीनाक्षी पांडेय ने मुंशीगंज भतोइया सहित रहीमाबाद जिन्दौर कनार साहिलामऊ मलिहाबाद कस्बा सहित बनाएं गए दर्जनों बूथों का निरीक्षण किया गया। बूथ पर पहुचकर निरीक्षण किया और बीएलओ से अभियान की प्रगति जानने के साथ ही लोगो को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया।भाग संख्या 200 और 201 के बीएलओ ने बताया कि 4 नाम विलोपन के लिए और 8 नए नाम बढ़ाने के लिए आए साथ 10 लोगो ने फार्म 6 बी को भरा।

गांवो के बीच हुई खेल प्रतियोगिता

संवाददाता

संडीला। बहेंनदर व संडीला ब्लॉक के चार गांव की युवाओं के मध्य खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यह आयोजन मेलजोल संस्था और इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड द्वारा करवाया गया। मेलजोल संस्था 25 सालों से भारत के स्कूल, गांव, शहर के बच्चे, अध्यापक एवं बच्चों के माता-पिता, महिलाएं व युवाओ के साथ सामाजिक और आर्थिक शिक्षा पर काम कर रही है उत्तर प्रदेश के हरदोई जनपद में स्थित चार गांव के साथ पिछले तीन सालों से निरंतर कार्यरत है इन चार गांव में संस्था के कार्य बच्चों को तकनीकी शिक्षा, बच्चों को खेल के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करना, गांव में साफ सफाई स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाना एवं पर्यावरण प्रदूषण को रोकना तथा पर्यावरण संरक्षण को आगे बढ़ने का कार्य इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के साथ मिलकर लगातार कर रही है इन चार गांव में संस्था लगभग 1000 परिवारों के साथ दिन प्रतिदिन संपर्क में रहकर ग्रामीण विकास पर कार्य कर रही है। आज हुई खेल प्रतियोगिता में चारों गांव के लगभग 200 युवाओं ने भाग लिया और विभिन्न तरह के खेलों का आयोजन संस्था द्वारा किया गया प्रमुख खेलों में महिला व पुरुषों की 200 मीटर की दौड़ तथा महिला व पुरुषों के खो-खो गेम और हैंडबॉल गेम भी करवाया गया। सभी गांव के युवाओं के मध्य कबड्डी भी करवाई गई और अंत में सभी खेलों में जीते हुए युवाओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रोजेक्ट मैनेजर पुष्पेंद्र का कहना है कि खेल ऐसा माध्यम है जिससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है एक साथ आकर खेल खेलने से बच्चों में अपनेपन की भावना उजागर होती है तथा साथ ही मानसिक एवं भौतिक रूप से बच्चे विकसित भी होते हैं। इस खेल प्रतियोगिता मुख्य अतिथि रहे डॉक्टर सूर्या, मुख्यमंत्री सीएम फेलो किरण जी, जहांन सिंह जी, महिपाल जी, प्रमोद जी व अन्य अतिथि। सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर खेल प्रतियोगिता का समापन किया गया।

अनुप्रिया पटेल ने अयोध्या में दिखाई सियासी ताकत, कार्यकर्ताओं को दे गई जीत का मंत्र

संवाददाता

अयोध्या। अयोध्या में आज अपना दल एस की स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने हुंकार भरी । राजपूत पैलेस के मैदान में दिखाई सियासी ताकत,उत्तर प्रदेश में 70 से अधिक सीट जीतने के लिए कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र, अनुप्रिया को सुनने के लिए मैदान में मौजूद रही भारी भीड़ । केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरे हैं, सामाजिक न्याय का एजेंडा हमारे दिल के करीब है, हम इसको लेकर कोई दिखावे की राजनीति नहीं करते । उन्होनें कहा है सामाजिक न्याय के जो भी विषय समय-समय पर आए हैं उसे राज्यों की विधानसभा से लेकर देश की संसद तक सदा उठाने का काम किया है । उन्होंने कहा कि आज जिस मसले की पूरे देश में चर्चा हो रही है, जातीय जनगणना को लेकर अपना दल ने अपने गठन के समय से लेकर ही इस विषय को उठाया है। जातीय जनगणना को लेकर समाजवादी पार्टी पर बरसी अनुप्रिया पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कई बार सपा की सरकार रही, सपा ने क्यों नहीं कराई जातीय जनगणना, आज आप उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर हो तब आपको जातीय जनगणना याद आ रही है । 2024 के लोकसभा चुनाव पर लेकर मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि हम एनडीए के घटक हैं, भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे, एनडीए को पिछले दो चुनाव में सबसे ज्यादा मजबूती मिली है । उन्होनें कहा कि इस बार भी हमारा लक्ष्य है की प्रदेश में 70 सीटों के पार जाएं, अपना दल हर मोर्चे पर अपना संगठन मजबूत कर रहा है । सीटों के बंटवारे को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि सीटों के बंटवारे पर अभी चर्चा नहीं हुई है, समय आने पर सीटों की बात भी की जाएगी।पार्टी की स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और अनुप्रिया पटेल के पति आशीष पटेल भी मौजूद रहे।स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम में जिले के अन्य कार्यकर्ताओं के अलावा गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से प्रमोद सिंह ने सैकड़ो चार पहिया वाहनों से हजारों की भीड़ के साथ की शिरकत। अनुप्रिया पटेल और आशीष पटेल ने अयोध्या की जनता को दिया धन्यवाद।

मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को ट्रक ने मारी टक्कर व्यक्ति की दर्दनाक मौत

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिसेंडी मोड़ डेहवा के पास मोटरसाइकल सवार व्यक्ति को अनियंत्रित ट्रक ने मारी टक्कर व्यक्ति की मौत। जानकारी के मुताबिक रमन मिश्रा पुत्र शांति शरण मिश्रा निवासी अजयपुर थाना आसोहा जनपद उन्नाव अपने मोटरसाइकल यू पी 35 ए डब्लू 8909 से रात्रि करीब दस बजे मोहनलालगंज की तरफ आ रहे थे। वही अचानक तेज रफ्तार ट्रक यू पी 32 क्यू एन 3034 ने मोटरसाइकल सवार व्यक्ति को मारी जोरदार टक्कर जिससे 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के छोटे भाई देवेंद्र कुमार मिश्रा ने प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की ही प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या ने बताया कि पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही की जा रही है।

अनादि सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम

एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम में हजारों लोगों ने एक दीप जलाकर वीर शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

❖ जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी,अनादि सेवा समिति ने एक दिया शहीदों के नाम जलाकर सैनिकों को याद किया।

❖ मैं रहूं न रहूं देश रहना चाहिए卐 का भाव रखने वाले वीर सैनिकों के सम्मान में अनादि सेवा समिति ने जलाया एक दिया शहीदों के नाम

द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।

काकोरी, लखनऊ। अनादि सेवा समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्य विधि अधिकारी नीलम श्रीवास्तव द्वारा आयोजित एक दिया शहीदों के नाम कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनता ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।दीपावली से पहले शहीद सैनिकों के सम्मान में उनके नाम से एक दीप जलाकर लोगों ने दीपावली मनाई। इस कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि हम कोई भी त्योहार हसी खुशी,उल्लास से शांति पूर्वक तभी मना पाते है जब हमारे सैनिक देश की सरहद पर मौसम की मार झेलते हुए मुस्तैदी से डटे रहते हैं और थाना क्षेत्र की पुलिस अपने परिवार से दूर हमें अपना परिवार मानकर हमारी सुरक्षा व्यवस्था में लगी रहती है।सामाजिक व्यवस्था बनाए रखने में इन सभी का योगदान महत्वपूर्ण है और इसकी भरपाई हम नहीं कर सकते। जो हमारे देश, परिवार, जान और धन की सुरक्षा करते क्या हमें उनके सम्मान में एक दीप जलाकर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त नहीं करनी चाहिए।हमारी खुशी को ग्रहण न लगे इस लिए वे अपने परिवार से दूर होने का दुख भी प्रकट नहीं करते और हमारी खुशी में खुश होकर हमारी खुशियां बढ़ा देते हैं।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव दिनेश कुमार श्रीवास्तव, गोपाल गुप्ता, मनोज गुप्ता,भैयालाल गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता(कुमकुम), विपिन, अरुण के अतिरिक्त भाजपा जिला महामंत्री महिला मोर्चा प्रतिभा वर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा कमलेश लोधी, नवनीत निगम, राजकुमार कश्यप, लीलावती, लालता कश्यप, आदित्य, राहुल, यशी, रिद्धि सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

❖संपूर्ण समाधान दिवस में आई 50 शिकायतों में 2 का हुआ निस्तारण ।

संवाददाता

माधौगढ़ जालौन। तहसील सभागार में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 50 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें दो का मौके पर निस्तारण किया गया अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी की उपस्थिति में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनता शिकायतों को सुनने के बाद उपजिलाधिकारी शशिभूषण ने अधीनस्थों को सख्त निर्देश दिए कि वह समस्याओं के समाधान में तत्परता दिखाएं और एक सप्ताह के अंदर मौके पर जाकर शिकायत का समाधान करें। सिर्फ निस्तारण आख्या से काम न चलाएं बल्कि शिकायत का स्थाई समाधान निकालें। समस्या के समाधान न होने से शिकायत बार बार होती है। संपूर्ण समाधान दिवस में 50 शिकायतों का पंजीकरण किया गया। जिनमें सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग की थीं। इसके अलावा पुलिस विभाग , विकास विभाग , बिजली विभाग , नगर पालिका व समाज कल्याण एवं जल संस्थान व कृषि विभाग की शिकायत पंजीकृत की गई। जिनमें समाज कल्याण की व कृषि विभाग की शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधिकारी असीम चौधरी , एसडीएम शशि भूषण सीओ शैलेन्द्र बाजपेई , तहसीलदार अमित शेखर , नायब तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार, खंड विकास अधिकारी रामपुरा ओमप्रकाश द्विवेदी, माधोगढ़ रमेशचंद्र शर्मा, ए डी ओ पंचायत महावीर शरण गुप्ता,एसडीओ अभिषेक सोनकर ,माधोगढ़ कोतवाल अखिलेश द्विवेदी, गोहन थाना इंचार्ज दिव्यप्रकाश तिवारी, रेंडर थाना इंचार्ज बरुण कुमार सहित सभी अधिकारी गण मौजूद रहे।

ट्रैक्टर - ट्रॉली में लदा सरिया दे रहा मौत को दावत , बडी दुर्घटना की आशंका

ट्रैक्टर - ट्रॉलियों पर सरिया लादकर निकलने वालों पर कार्यवाही नही

संवाददाता

जालौन रामपुरा। कस्बे में ट्रैक्टर - ट्रॉली में सरिया लदा होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है अगर आप सरिया , बांस व अन्य सामाग्री लदे वाहनों के पीछे चल रहे है तो आपको सावधान होकर चलने की जरुरत है कस्बे व ग्रामीण इलाकों में वाहनों से बाहर निकलते सरिया , बांस व अन्य सामाग्री से आपकी जान को खतरा हो सकता है। कस्बे में सड़कों पर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ऐसे वाहनों को देखा जा सकता है। इस कारण लोगों को दुर्घटनाओं के साथ साथ जान का भी खतरा रहता है। इससे सबसे अधिक खतरा मोटरसाइकिल चालकों को रहता है। न तो यह सरिया किसी लाल कपड़े से ढका होता है और न ही पीछे चल रहे वाहनों को ऐसे कोई संकेतक लगे होते है कि जिससे वाहन चालकों को संकेत किया जा सके। वाहन चालकों के अचानक ब्रेक लगा देने से कई बार बड़े हादसे घटित हो जाते है। जबकि कस्बे में भीड़भाड़ वाले इलाकों में वाहन रोजाना गुजर रहे है तो वहीं इस ओर देखने से जिम्मेदार आँख बन्द किये हुए है। कस्बे में लोहा विक्रेताओं की दुकानें संचालित हो रही है जिससे दुर्घटनाओं को दावत देने वाले ट्रैक्टर - ट्रॉली में सरिया बिना संचेत के लाद दिया जाता है जबकि ट्रैक्टर - ट्रॉली में आगे व पीछे की ओर सरिया 10 से 15 फीट बाहर की ओर निकला रहता है। कस्बे से निकलने वाले ऐसे लोडेड वाहन पर कोई कार्यवाही नही हुई और न ही ऐसे ट्रैक्टरों पर किसी भी प्रकार की कोई रोक लगाई जा रही है।

एक नज़र

विधायक प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी ने फीता काटकर निशुल्क नेत्र शिविर कैंप का उद्घाटन किया

नेत्र कैंप में दो सैकडा मरीजों का हुआ निशुल्क परीक्षण

कालपी जालौन। वार्ड नंबर 22 के रामगंज कालपी के वर्तमान सभासद राजू शेख के अथक प्रयास से नगर कालपी में उनके निज निवास पर आज 4 नवंबर दिन शनिवार को सुबह 10ः00 बजे से शाम 4ः00 बजे तक निशुल्क नेत्र शिविर प्रशिक्षण कैंप का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस निशुल्क नेत्र शिविर कैंप का आयोजन डॉक्टर जवाहरलाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर के तत्वाधान में बादशाह चश्मे वाले उरई की ओर से कराया गया है। शिविर का उदघाटन सपा विधायक विनोद चतुर्वेदी के पुत्र आशीष चतुर्वेदी विधायक प्रतिनिधि के द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में सुबह से ही मरीज के आने जानें का तांता लगा रहा। करीब तीन सैकड़ा मरीज ने आकर शिविर में अपना नेत्र परीक्षण कराया। इस नेत्र शिविर में मरीजों को कानपुर के अनुभवी डाक्टर जिसमे डॉक्टर अरुण कुमार, डॉक्टर ,आदर्श श्रीवास्तव डॉक्टर सौरभ बाबू, तथा प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा मरीजों का सफल परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने लगभग 30 मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत बताई । जिनका निशुल्क इलाज कानपुर के नेत्र अस्पताल में किया जाएगा। छोटी छोटी समस्याओं वाले मरीजो के चसमे भी बनाए गए। शिविर में आए मरीजों को कानपुर ले जाने की सुविधा शिविर कैंप के द्वारा ही प्रदान की जा रही है। मरीज को एक हफ्ते की दवा भी निशुक्र शिविर कैंप द्वारा प्रदान की जाएगी। शिविर में आए मरीज को आंख संबंधित रोगो से निजात दिलाने के लिए नई पद्धति के कई नुखसे बताए गए। शिविर में आंख का लाल होना, आंखों से पानी आना, आंखों से कम दिखाई देना, चश्मा की जांच , सहित अनेक आंखों संबंधित रोगों का उपचार किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों में आशीष चतुर्वेदी विधायक प्रतिनिधि कालपी, श्याम यादव, पूर्व सभासद, अमित यादव वरिष्ठ पत्रकार, अजीत यादव सपा नगर अध्यक्ष, सोनू यादव, राजू शेख सभासद, ओवैस खान, अदनान, किशन शुक्ला , जैनुलाब्दीन, नफीस खान, रजत यादव, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

बृहद रोजगार मेले का आयोजन संपन्न

उरई जालौन। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जालौन रोड, उरई में आज पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया गया। उक्त मेले में Hindustan Unilever Ltd (HUL)] Vardhman Te&tiles Pvt. Lava, Haldiram, Worldcrown Health Marketing Pvt Ltd, Avinka Healthcare, PICL India Ltd, SPM Auto comp System Pvt Ltd, Minda Group. FJM Group, Motherson International Ltd, Bharat Sheet Ltd, Ma&op Engineering. Aisect Ltd, Pratham Education Center, P. Dass Forging Pvt Ltd, Pranav Vikas Pvt Ltd इत्यादि के अलावा कई नामी-गिरामी कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। मेले में लगभग 1377 से अधिक अभ्यर्थियों ने चयन हेतु अपना रजिस्ट्रेशन कराया जिनमें से 848 प्रतिभागियों का विभिन्न कम्पनियों में रोजगार हेतु चयन हुआ। मेले का उद्घाटन मा0 विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा जी एवं मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय ने किया। माननीय विधायक जी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा रोजगार मेले में कम्पनियों के लगे हुए स्टालों का निरीक्षण किया गया तथा प्रत्येक कम्पनी के प्रतिनिधि से उनके यहाँ होने वाले कार्य एवं रिक्तियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई। माननीय विधायक जी द्वारा माँ सरस्वती जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि प्रत्येक व्यक्ति को तकनीकी ज्ञान होना चाहिए तथा उस के ज्ञान के अनुसार उसे जीवकोपार्जन हेतु व्यवसाय अथवा नौकरी प्राप्त हो, इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कौशल सफलता की सीढी है जो किसी को भी नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिये सशक्त बनाता है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की इसी सोच के चलते वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहे प्रतिभागियों को उक्त प्रतिभागित कम्पनियों के द्वारा रू0 8000/- से लेकर 20000/- प्रतिमाह तक के रोजगार के अवसर सुलभ कराये गये। अन्त में नोडल प्रधानाचार्या डॉ नूपुर कश्यप जी द्वारा माननीय विधायक जी एवं मुख्य विकास अधिकारी का आभार ज्ञापित किया गया साथ ही साथ उक्त वृहद रोजगार मेले को सफल बनाने में सहयोग करने हेतु उपस्थित अधिकारियों / कर्मचारियों को धन्यवाद किया। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला उपायुक्त मनरेगा अवधेश दीक्षित, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0, दिनेश कुमार यादव प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 कोंच, रमेश कुमार, हरगोविन्द, कौशल विकास मिशन से जिला प्रबन्धक कपिल नामदेव, आदित्य सिंह व तौफीक अहमद, नीलेशराव, नरेन्द्र राजपूत, नरेन्द्र सिंह भदौरिया सहित विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसडीएम, सीओ तथा तहसीलदार की मौजुदगी मे संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

❖ समाधान दिवस में आई 50 शिकायतों में 2 का हुआ निस्तारण।

संवाददाता

माधौगढ़ जालौन। तहसील सभागार में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 50 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें दो का मौके पर निस्तारण किया गया अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी की उपस्थिति में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनता शिकायतों को सुनने के बाद उपजिलाधिकारी शशिभूषण ने अधीनस्थों को सख्त निर्देश दिए कि वह समस्याओं के समाधान में तत्परता दिखाएं और एक सप्ताह के अंदर मौके पर जाकर शिकायत का समाधान करें। सिर्फ निस्तारण आख्या से काम न चलाएं बल्कि शिकायत का स्थाई समाधान निकालें। समस्या के समाधान न होने से शिकायत बार बार होती है। संपूर्ण समाधान दिवस में 50 शिकायतों का पंजीकरण किया गया। जिनमें सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग की थीं। इसके अलावा पुलिस विभाग , विकास विभाग , बिजली विभाग , नगर पालिका व समाज कल्याण एवं जल संस्थान व कृषि विभाग की शिकायत पंजीकृत की गई। जिनमें समाज कल्याण की व कृषि विभाग की शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधिकारी असीम चौधरी , एसडीएम शशि भूषण सीओ शैलेन्द्र बाजपेई , तहसीलदार अमित शेखर , नायब तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार, खंड विकास अधिकारी रामपुरा ओमप्रकाश द्विवेदी, माधोगढ़ रमेशचंद्र शर्मा, ए डी ओ पंचायत महावीर शरण गुप्ता,एसडीओ अभिषेक सोनकर ,माधोगढ़ कोतवाल अखिलेश द्विवेदी, गोहन थाना इंचार्ज दिव्यप्रकाश तिवारी, रेंडर थाना इंचार्ज बरुण कुमार सहित सभी अधिकारी गण मौजूद रहे।

शादी कराने का झांसा एवं धोखाधड़ी कर हड़प ली अर्द्धविक्षिप्त की जमीन

❖ एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ को सौपी जांच।

संवाददाता

उरई(जालौन)। शादी कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति की जमीन धोखाधड़ी कर अपने नाम करा ली। जब इसका खुलासा हुआ तो परिजनों में हड़कंप मच गया। वह तत्काल पीड़ित के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और पुलिस अधीक्षक ईरज राजा को पूरी बात बताकर न्याय की गुहार लगाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच सीओ सिटी गिरिजाशंकर ?त्रिपाठी को सौंपी है। शहर थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी भगवती श्रीवास पुत्र बाबूलाल ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायतीपत्र में बताया कि उनका सगा भाई रामऔतार अर्द्धविक्षिप्त और उसकी शादी नहीं हुई है। उसकी बड़ागांव मौजा में खाता संख्या 00270, खसरा नंबर 361 में 0.5785 हेक्टेयर जमीन है। उसके सगे भाई की मानसिक स्थिति का फायदा उठाकर कुछ भूमाफिया लोग ने रामऔतार को बरगलाकर शादी का झांसा देकर बड़ागांव से उरई ले गए और वहां उसकी शादी अर्चना अहिरवार से कराने की बात कहकर उसकी जमीन अर्चना अहिरवार पुत्री रामसेवक के नाम करवा दी। इस धोखाधड़ी में अर्चना की मां मुन्नी, बहन रोशनी सभी निवासीगण गोपालगंज उरई और बड़ागांव निवासी नारायणदास पाल, उनका बेटा अमित पाल व बघौरा निवासी जीतू उर्फ टुनटुन पाल ने रजिस्ट्री ऑफिस में दस्तावेज तैयार कर धोखे से अंगूठा लगवाकर बिना कोई विक्रय राशि दिये आठ लाख रुपये प्राप्त दिखाकर फर्जी बैनामा करा लिया। बैनामा राशि में एक्सिस बैंक की दो दो लाख की चार चेकें दर्शाई गई है। जबकि इस तरह की कोई राशि रामऔतार को चेक के माध्यम से नहीं मिली है। पीड़ित के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई कि भूमाफिया किस्म के लोगों ने धोखाधड़ी कर जमीन का बैनामा कर लिया है। जिसकी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर को मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

विलौहां चंदावली बाईपास मार्ग का हुआ शिलान्यास

निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं : धनश्याम अनुरागी

➢ भाजपा सरकार में बह रही है विकास की गंगा : मूलचंद्र निरंजन।

संवाददाता

जगम्मनपुर, जालौन। जिला पंचायत जालौन द्वारा रामपुरा के तालघार क्षेत्र की बहु प्रतिशत बिलौहां चंदावली बायपास मार्ग की आधारशिला रखी गई। विकासखंड रामपुरा के ग्राम बिलौहां गेट के निकट से बहुप्रतिशत विलौहां लिडऊपुर चंदावली बायपास मार्ग का शिलान्यास हो गया । शहीद द्वार विलौहां से लगभग 100 मीटर बाद चंदावली रुदावली गांव तक जाने का बहुत प्राचीन कच्चा रास्ता था । ग्रामीण बताते हैं कि इस मार्ग से चंदावली रुदावली लिडऊपुर जाने का यही एकमात्र प्राचीन रास्ता रहा है लेकिन बहादुरपुर लिडऊपुर ऊमरी मार्ग से बिलौहां संपर्क मार्ग बनाए जाने एवं जगम्मनपुर बहादुरपुर मार्ग से चंदावली तक संपर्क मार्ग बनाए जाने के कारण उक्त कच्चा प्राचीन मार्ग उपेक्षित होकर दुर्दशा को प्राप्त हो गया। परिणाम स्वरूप बड़े वाहनों को इस ग्रामीण क्षेत्र में आने-जाने के लिए बिलौहां, लिड़ऊपुर , लिटावली , चंदावली गांव के अंदर से होकर आना जाना पड़ता था जिसके कारण ग्रामीणो एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था , कभी कभी तो संघर्ष की स्थिति भी बन जाती थी, इसके चलते बहुत समय से बिलौहां चंदावली बाईपास मार्ग के निर्माण की मांग की जाती रही है , अंतोगत्वा जिला पंचायत सदस्य जगमनपुर प्रतिनिधि राघवेंद्र पांडे के प्रयास से इस छोटे एवं अति महत्वपूर्ण बाईपास मार्ग के निर्माण की जिला पंचायत जालौन से स्वीकृत हो गई परिणाम स्वरूप आज 1800 मीटर लंबे एवं लगभग पचासी लाख रुपए की लागत से निर्मित होने की योजना वाले इस मार्ग का शिलान्यास जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी , क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राघवेंद्र पांडे द्वारा किया गया । इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने कहा कि जिला पंचायत द्वारा पूरे जनपद में विकास कार्य कराए जा रहे हैं ।हमारी प्राथमिकता गुणवत्ता युक्त काम करने की है। बहुत शीघ्र इस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होगा और हम लोग ही इसका लोकार्पण भी करेंगे । श्री अनुरागी एवं क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन ने जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राघवेंद्र पांडे के विकास कार्य कराए जाने की प्रयासों एवं सरल मृदुल व्यवहार की मुक्त कंठ से प्रशंसा की । विधायक श्री निरंजन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार में विकास कार्य बहुत तेजी से हो रहे हैं एवं अपराधों पर अंकुश लगाया गया है । उन्होंने बताया कि क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत द्वारा कंझारी से जालौन देवी मंदिर तक हॉट मिक्स रोड का निर्माण एवं पीने के पानी हेतु सोलर प्लांट सबमर्सिबल वॉटर कुलर का शिलान्यास एवं एक टीन शैड का भी निर्माण कराया गया है । पर्यटन विभाग से 50 लाख की लागत से यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जा रहा है । इस क्षेत्र की सर्वाधिक समस्या ग्राम लिडऊपुर रोड पर लगभग 40 फीट गहरी कटान के कारण दुर्घटना की आशंका को ध्यान में रखते हुए 50 लाख रुपए की लागत से सड़क पर पुल निर्माण की स्वीकृति मिल गई है जिसमें टेंडर होने के बाद शीघ्र ही शिलान्यास किया जाएगा । इस सड़क पर अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा , प्रलुव्य निरंजन , महेश सिंह राजावत , प्रमोद कठेरिया मंडल अध्यक्ष, विजय द्विवेदी मंडल महामंत्री , रवि सिंह सेंगर प्रधान बिलौहां, नंदराम प्रधान नावर ,बालकराम प्रधान चंदावली , प्रशांत कश्यप प्रधान बावली , दीपक प्रधान बीजुआपुर जीतेंद्र द्विवेदी, डीहा ,गजेंद्र सिंह मजीठ, रामू प्रधान मिझोना सहित क्षेत्र के सैकड़ो प्रतिष्ठित लोग मौजूद थे।

रोल प्रेक्षक एवं मंडलायुक्त झांसी ने निर्वाचन नामावली के विशेष पुनरीक्षण अभियान का किया निरीक्षण

छत्रसाल इंटर कॉलेज जालौन में स्थिति मतदेय स्थल केंद्र का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता

उरई (जालौन)। रोल प्रेक्षक/ मंडलायुक्त आदर्श सिंह ने निर्वाचन नामावली के विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज छत्रसाल इंटर कॉलेज जालौन में स्थिति मतदेय स्थल केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति जो 18 वर्ष पूर्ण कर चुका है या 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहा है, ऐसे सभी मतदाताओं का वोटर लिस्ट में नाम नहीं छूटना चाहिए ऐसे मतदाताओं का वोट प्राथमिकता पर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत युवा मतदाताओं का नाम जुड़वाना विस्थापितों का नाम कटवाना एवं नाम सुधार का कार्य किया जा रहा है निर्वाचन में मतदाता सूची का अहम रोल होता है इसलिए मतदाता सूची शुद्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है आप सभी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सुपरवाइजर व बूथ लेवल अधिकारी के साथ समीक्षा करें।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संचित पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024, कार्यक्रम 27 अक्टूबर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक मतदाता सूची में पंजीकरण करने हेतु विशेष अभियान जनपद में चलाया जा रहा है। मतदाता बनने की अर्हता, भारतीय नागरिक हो एवं उत्तर प्रदेश के संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में समानतः निवास कर रहे हो। ऐसे नागरिक जो 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हो या उससे पूर्व ही पूर्ण कर चुके हो वह अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कर सकते हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा, उप जिलाधिकारी सुरेश पाल आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

वर्षो से खुला पड़ा महाविद्यालय के लैट्रिंग टैंक में गिरकर मासूम की मौत

संवाददाता

कालपी जालौन। घटना कालपी कोतवाली के मोहल्ला राजघाट की बताई जा रही है जहां काफी दिनों से खुले पड़े राजकीय महाविद्यालय के लैट्रिंग टैंक में गिरकर एक मासूम युवक की मौत हो गई है। प्राप्त सूत्रों से पता चला कि मोहल्ला राजघाट में कई वर्षों से राजकीय महाविद्यालय का निर्माण कर चल रहा था जो अंतिम चरण में है निर्माण स्थल पर काम चल रहा था इसी दौरान कुछ दिनों पहले ही काम पर पत्नी बच्चों सहित आए मध्य प्रदेश के जनपद छतरपुर के ग्राम औराई निवासी मजदूर कांशीराम का 3 वर्ष के पुत्र राजवीर निर्माणाधीन स्थल के पास खेल रहा था । काफ़ी समय तक वह गायब मिला । जब लोगों द्वारा खोज दिन शुरू की गई । तो उसके पुत्र का शव पास में खुले पड़े लैट्रिन के टैंक में तैरता मिला । उसके शरीर में टैंक में लगा लोहे की रॉड घुसा था आनन फानन में मजदूर अपने पुत्र को लेकर निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गया। लेकिन डॉक्टर ने उसे उपचार के दौरान देखते ही मृत घोषित कर दिया । निर्माणाधीन भवन में मजदूर के पुत्र की मौत की खबर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे लेकिन मजदूर ने इस मामले में किसी प्रकार की कोई पुलिस कार्रवाई करने से इनकार कर दिया है इसके चलते ठेकेदार ने उसे आर्थिक मदद देकर बच्चों के शव के साथ उसे वापस घर भेज दिया है।

एल्विश के सांपों संग वीडियो के बाद मुखबिर के सहारे बिछाया जाल जहर के कारोबार की इनसाइड स्टोरी

नोएडा। बिग बॉस ओटीटी-2 जीतने के बाद से सुर्खियों में आए यूट्यूबर एल्विश यादव विवादों में घिर गए हैं। एल्विश यादव समेत छह आरोपियों के खिलाफ नोएडा की कोतवाली सेक्टर-49 में वन्य जीव अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।इस मामले में नामजद पांच लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस छानबीन कर रही है। एल्विश यादव ने सांपों के साथ यूट्यूब पर वीडियो अपलोड किया था। जिसके बाद से पीपुल फार एनिमल (पीएफए) ने मामले की तह तक जाने की कोशिश शुरू कर दी थी। पीएफए के लोगों ने अपने मुखबिर तैनात कर दिए थे। जिन्होंने बड़े ही सावधानी के साथ गिरोह के काले कारनामे के सुबूत जुटाए और एल्विश को पकड़ने के लिए पुलिस व वन विभाग को सूचना देकर सेक्टर-51 स्थित एक बैंक्वेट हॉल की घेराबंदी करा दी। इसकी पुष्टि पीएफए की संस्थापक मेनका गांधी ने भी की है। घेराबंदी में जहर का कारोबार करने वाले गिरोह के पांच आरोपी फंस गए। उनके पास से 9 सांप और 20 मिलीलीटर जहर भी बरामद हुआ है। दरअसल, यूट्यूबर एल्विश यादव ने कुछ दिनों पहले ही अजगर के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया था। वीडियो देखकर पीएफए की टीम चौकन्नी हो गई। पीएफए की टीम ने एल्विश के पीछे अपने मुखबिर छोड़ दिए। कुछ दिनों बाद ही मथुरा में जहर के आठ कारोबारियों को दुर्लभ प्रजाति के सांपों के साथ गिरफ्तार किया था। आठों आरोपी रेव पार्टी में सांप लेकर जा रहे थे। इसके बाद पीएफए की टीम ने तस्करी की जांच शुरू कर दी। इस बीच उनके मुखबीर ने एल्विश यादव से आयोजन को लेकर बातचीत की। बातचीत के बाद एल्विश ने अपने एजेंट का नंबर दिया। एजेंट ही सारे सौदे करता था। उक्त एजेंट से पीएफए के एक सदस्य ने पहचान छुपाकर बातचीत की। बातचीत में उक्त एजेंट ने एल्विश का नाम कुबूल लिया। इसके बाद सांपों को लाने का सौदा किया गया। महज 21 हजार रुपये में सौदा हो गया। एजेंट ने पहचान छुपाकर बातचीत कर रहे पीएफए के सदस्य से कहा कि ऐसा सांप लाने की बात कही जिसे देखकर सब खुश हो जाएंगे। उसने अपने खाते में पांच हजार रुपये भी ट्रांसफर कराए। फिर बृहस्पतिवार को सेक्टर-51 के सेवरॉन बैंक्वेट हॉल में आने की बात पक्की हुई। वहां आने के बाद पीएफए ने पूरी तस्दीक होने पर वन विभाग और स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दे दी। फिर गिरोह के पांच सदस्यों को 9 सांपों और 20 मिलीलीटर जहर के साथ दबोच लिया गया।

एल्विश की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें

पुलिस ने एल्विश की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित की हैं। एल्विश की तलाश में पुलिस ने दिल्ली, हरियाणा और मुंबई में कई जगहों पर दबिश दी है। मौके से पुलिस ने गिरफ्तार किया।

आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

सभी आरोपियों को शुक्रवार को जिला न्यायलय में पेश कर दिया गया है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मामले में एल्विश यादव की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं, जो तीन राज्यों में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। -राम बदन सिंह, प्रभारी डीसीपी नोएडा व एंटी नारकोटिक्स सेल

रेव पार्टी और सांप के जहर मामले में एल्विश यादव समेत छह पर केस

आपको बता दें कि बिग बॉस ओटीटी-2 जीतने के बाद से सुर्खियों में आए यूट्यूबर एल्विश यादव विवादों में घिर गए हैं। एल्विश यादव समेत छह आरोपियों के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-49 में वन्य जीव अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। एल्विश यादव समेत सभी आरोपियों पर रेव पार्टी आयोजित कराने व उसमें सांपों के जहर की सप्लाई करने वाले गिरोह से जुड़े होने का आरोप है। पुलिस इस मामले में नामजद पांच लोगों को गिरफ्तार कर छानबीन कर रही है। एल्विश यादव को दिल्ली, हरियाणा और मुंबई में पुलिस की पांच टीमें तलाश कर रही हैं। वहीं, गिरफ्तार आरोपियों के परिजन ने आरोपों को निराधार बताया है। सांसद मेनका गांधी द्वारा संचालित संस्था पीपुल्स फार एनिमल (पीएफए) में एनिमल वेलफेयर में आफिसर के पद पर कार्यरत गौरव गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उन्होंने बताया कि एक ग्राहक बनकर उन्होंने यूट्यूबर एल्विश यादव को फोन कर रेव पार्टी आयोजित कराने की बात की और सांप का बंदोबस्त करने में मदद मांगी। उसने बदरपुर निवासी एजेंट राहुल का नंबर दिया था। जिससे बातचीत के बाद 11 सांप पार्टी में लाने का सौदा 21 हजार रुपये में तय हुआ। राहुल (32) के अपने अन्य साथियों टीटूनाथ (45), जयकरन (50), नारायण (50) और रविनाथ (45) के साथ बताए गए स्थान सेक्टर-51 के सेवरॉन बैंक्वेट हॉल पहुंचते ही पीएफए, वन विभाग और पुलिस की टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके पास सं कुल नौ सांप व 20 मिलीलीटर जहर बरामद हुआ है। जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

इनकी हुई गिरफ्तारी

एजेंट राहुल (32)
समेत टीटूनाथ (45)
जयकरन (50)
नारायण (50)
रविनाथ (45)

एसआईए ने पुंछ में टेरर फंडिंग के पुराने मामले में की छापामारी, आरोपी हुआ फरार

एजेंसी

जम्मू। स्टेट इन्वेस्टीगेटिंग एजेंसी (एसआईए) ने पुंछ के गांव कनूईयां में टेरर फंडिंग के एक पुराने मामले में छापामारी की। लेकिन आरोपी छापामारी के पहले ही घर से फरार हो गया। इस कारण एसआईए की टीम बिना किसी कार्रवाई के वापस लौट गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार तड़के करीब पांच बजे एसआईए की टीम ने इंस्पेक्टर रैंक के एक अधिकारी के नेतृत्व में गांव कनूईयां की उमर कलोनी में रहने वाले टेरर फंडिंग के आरोपी मोहम्मद हफीज के घर छापामारी की, लेकिन वह घर पर नहीं मिला।

एक नज़र

श्री भवानी दुर्गा मंदिर बलाचौर में चार रोजा समागम शुरु

आज सुबह से शुरु हुई प्रभातफेरिया

एजेंसी

नवांशहर /बलाचौर। श्री भवानी दुर्गा मूर्ति स्थापना का 43 वां वार्षिक उत्सव , 16 वा ब्राहमलीन गुरु मूर्ति उस्तव और चौधा श्री हनुमान जी मूर्ति स्थापना उत्सव श्री भवानी दुर्गा मंदिर बलाचौर में आज सुबह प्रभातफेरी के साथ शुरु हुआ। यह धार्मिक समागम चार दिन चलेगा। इस की जानकारी मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश कपिल ने देते हुए बताया कि चार नवंबर को सुबह आठ वजे चंडी पाठ शुरु होगे और रात के प्रोग्राम चार, पांच व छह नवंबर समय आठ बजे से 11बजे तक कथावाचक महंत मंडित दिनेश पाठक शामिली उत्तर प्रदेश वाले और पंडित रवि पाठक कथावाचक शामिली उत्तरप्रदेश कथा करेगे। सात नवंवर दिन मंगलवार को सुबह हवन और पूर्ण अहूती नौ से 12 बजे दोपहर तक किया जाएगा। इस उपरांत भंडारा लगाया जाएगा। प्रधान जगदीश कपिल ने शहरवासियों और इलाके वासियों को अपील कि सभी भकतजन भवानी दुर्गा मंदिर बलाचौर पहुंच माथा टेके और कथा का आनंद ले। एस मौके एडवोकेट तिलक राज, सुनील शर्मा, नरेश चेतल, बरजेश अगनीहोत्री, प्रदीप नागपाल, नंद किशोर शर्मा, विशाल शर्मा, नवीन स संदोश मोदगिल, मोहन लाल ओहरी, शाम लाल , कीमती लाल, विराट शर्णास कीमती लाल, विराट शर्मा, वरिंदर जैन, भीम राणा व अन्य मौजूद रहे।

रंगदारी मांगने और फायरिंग करने के मामले में छह आरोपी काबू, एक गैंगस्टर मुठभेड़ में घायल

एजेंसी

पंजाब। शुक्रवार देर शाम को गुप्त सूचना के आधार पर ट्रेवल एजेंट की दुकान पर फायरिंग करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए हाईवे पर गांव सैंद मुबारक के पास पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी। कुछ समय के बाद एक कार आई, जिसे पुलिस ने रोकना चाहा लेकिन उक्त कार सवार ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। बटाला की एसएसपी अश्वनी गोटियाल ने बताया कि 28 अक्तूबर को गांव कोटली सूरत मल्ही के पास एक ट्रेवल एजेंट की दुकान पर कुछ अज्ञात बाइक सवार लोगों ने फायरिंग की थी। तफ्तीश के दौरान पता चला कि ट्रेवल एजेंट को फायरिंग से पहले 30 लाख रुपये की रंगदारी देने का फोन आया था। पुलिस ने मामला भी दर्ज किया था। शुक्रवार देर शाम को गुप्त सूचना के आधार पर ट्रेवल एजेंट की दुकान पर फायरिंग करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए हाईवे पर गांव सैंद मुबारक के पास पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी। कुछ समय के बाद एक कार आई, जिसे पुलिस ने रोकना चाहा लेकिन उक्त कार सवार ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली कार सवार युवक के पैर पर लगीऔर वह घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर ही कार सवार को काबू कर लिया। गिफ्तार आरोपी की पहचान नवनीत सिंह निवासी गांव बल बटाला के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपी से एक विदेशी क्लॉक पिस्टल,14 कारतूस और एक देसी कटा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ बटाला के थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी का इलाज इस समय अस्पताल में चल रहा है। वहीं इस मामले से संबंधित दूसरे आरोपी की भी पहचान करके उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दूसरे मामले में बटाला पुलिस ने 50 लाख रुपये की रंगदारी मांग के बाद एक सुनार के घर पर रात के वक्त अंधाधुंध फायरिंग करने के आरोप में पांच लोगों को नामजद करके गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक पहले से ही क्रिमनिल प्रोफाइल के लोग हैं। एसएसपी ने बताया कि 7 अक्तूबर की रात को थाना सिटी बटाला के अंर्तगत आते एक व्यक्ति के घर के सामने रात को कुछ लोगों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। पुलिस ने अपनी जांच के दौरान उक्त पांचों को गिरफ्तार करके बड़ी सफलता अर्जित की है। इन पांचों आरोपियों से एक पिस्टल, एक मैगजीन और चार कारतूस बरामद हुए हैं। पांचों आरोपियों की पहचान हरप्रीत सिंह निवासी बाऊली, इंद्रजीत बटाला, सुखराज सिंह निवासी गांव लखणपाल गुरदासपुर, दर्शन सिंह निवासी गांव सहोली जगरांव, बलराज सिंह निवासी गांव अमरगढ़ शाहपुर और प्रेम सिंह उर्फ घुल्ला निवासी गांव उमरवाल के रूप में हुई है। सुनार के घर प्रेम सिंह ने ही फायरिंग की थी।

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से हिमाचल में फिर बदलेगा मौसम, तीन दिन बारिश-बर्फबारी के आसार

संवाददाता

शिमला/रोहतांग । मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य में 7 नवंबर की रात से ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से हिमाचल प्रदेश में मौसम फिर बदलने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य में 7 नवंबर की रात से ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से राज्य के कई हिस्सों में तीन दिन बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। 7 नवंबर को सिर्फ उच्च पर्वतीय कुछ भागों में बारिश हो सकती है। जबकि 8 व 9 नवंबर को मध्य व उच्च पर्वतीय कई भागों में बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। मैदानी क्षेत्रों में मौसम साफ रहने की संभावना है। 10 नवंबर से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। उधर, शुक्रवार रात को लाहौल की चंद्राघाटी के कोकसर में ताजा बर्फबारी हुई है। इसके अलावा रोहतांग दर्रा के साथ कुंजम दर्रा की वादियां भी बर्फ से सफेद हो गई हैं। बर्फबारी से घाटी सहित राज्य के अन्य ऊपरी क्षेत्रों में तापमान गिर गया है और पानी भी जमने लगा है। हालांकि, अभी मनाली-लेह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही जारी है। शनिवार को मनाली की तरफ से दारचा से करीब 40 से अधिक वाहनों को लेह के लिए छोड़ा गया है। रोहतांग दर्रा के साथ होने से चंद्राघाटी में कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। केलांग का तापमान में गिरावट से ठिठुरन बढ़ गई है।

न्यूनतम तापमान

शिमला में न्यूनतम तापमान कल के मुकाबले गिरकर 10 से 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, सुंदरनगर में 8.3, भुंतर 6.4, कल्पा 1.2, धर्मशाला 12.2, ऊना 11.4, नाहन 13.9, केलांग माइनस 2.3, पालमपुर 9.0, सोलन 7.9, मनाली 4.4, कांगड़ा 11.1, मंडी 8.4, बिलासपुर 13.7, चंबा 8.2, डलहौजी 9.0, जुब्बड़हट्टी 11.4, कुफरी 7.5, नारकंडा 4.8, रिकांगपिओ 4.7, सेऊबाग 5.6, धौलाकुआं 12.7, बरठीं 12.3, मशोबरा 8.8, पांवटा साहिब 16.0, सराहन 6.0 और देहरागोपीपुर में 14.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

ग्रामीणों ने लगाया हत्या का आरोप, गुस्साए लोगों ने हिसार चंडीगढ़

कैथल। कैथल के गांव शेरगढ़ के ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर के समय हिसार चंडीगढ़ हाइवे पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच की मौत एक्सीडेंट से नहीं हुई, बल्कि उसके साथ मारपीट की गई है जिसके बाद सरपंच संदीप की शनिवार सुबह चंडीगढ़ पीजीआई में मौत हुई है। सरपंच का एक नवंबर को रात के समय एक्सीडेंट हुआकैथल के गांव शेरगढ़ के मौजूदा सरपंच 31 वर्षीय संदीप की हत्या का आरोप लगा ग्रामीणों ने शनिवार दोपहर के समय हिसार चंडीगढ़ हाइवे पर जाम लगा दिया। लेकिन ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच की मौत एक्सीडेंट से नहीं हुई, बल्कि उसके साथ मारपीट की गई है।

राजदीप शर्मा तरनतारन की चुनाव आबजर्वर नियुक्त

एजेंसी

नवांशहर। नगर कौंसिल व नगर निगमों के होने वाले चुनावों में आम आदमी पार्टी भारी मतों से जीत दर्ज करेगी तथा पंजाब के शहरों की कायाकल्प करेगी। यह बात आम आदमी पार्टी की महिला विंग की जिला प्रधान राजदीप शर्मा ने उन्हें हलका तरनतारन की आबजर्वर नियुक्त करने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से नगर कौंसिल चुनावों में अच्छे उम्मीदवारों को उतारा जाएगा तथा जीत दर्ज की जाएगी। पार्टी की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, वह उसे पूरी तनदेही से पूरा करेंगी। उन्होंने खुद को पार्टी की ओर से कौंसिल चुनावों की आबजर्वर नियुक्त किए जाने पर पार्टी सुप्रीमों अरविंद केजरीवाल, संगठन प्रभारी सांसद संदीप पाठक, पंजाब मामलों के प्रभारी जरनैल सिंह, सीएम भगवंत मान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तरनतारन के विधायक डा. कश्मीर सिंह सोहल व वहां की पूरी टीम के साथ तालमेल करके नगर कौंसिल चुनावों में जीत दर्ज करके पार्टी को मजबूत किया जाएगा। राजदीप शर्मा को चुनाव आबजर्वर नियुक्त किए जाने पर महिला विंग की सदस्यों की ओर से उन्हें बधाई दी गई।

31 अकटूबर से गांव रकढा ढाहा का नौजवान दविंदर सिंह (आशू) लापता

बताने वालों को दिया जाएगा नकद इनाम

एजेंसी

नवांशहर /बलाचौर। थाना सदर बलाचौर पुलिस के एसएचओ जरनैल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव रकढ़ा ढाहा का एक नौजवान 31 अकटूबर 2023 से लापता हो गया है। जिस की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में परिवारक सदसयो ने दर्ज करवाई। उन्होने बताया कि दविदर सिंह आशू पुत्र रंजीत सिंह आयु 17 , कद5 फुट 7इंच , रंग सावला , पहचान लाल रंग की जैकट, मिलटरी रंग का पजामा पहना हुआ है। जो कि 31 अकटूबर सुबह सात बजे से लापता हो गया। पिता रंजीत सिंह ने बताया कि रोजाना की तरह वह डेयरी से लगभग सात बजे दुध लेने गया था। थोड़ी देर बाद उसके पीछे गया तो वह नही मिला। जिस की सीसीटीवी फुटेज निकालने से पता चला कि वह कही पर दूध की कैनी रख कर चला गया है। उन्होने बताया कि इस के पहले वह दो वार घर से जा चुका है। जिस को नवाशहर से लाया गया। उन्होने बताया कि बच्चे का दिमागी संतुलन सही नही है दवाई चल रही है। जो अब बंद की हुई है। उन्होने नंबर जारी किया है कि यदि किसी को उसके बारे में पता चले तो **75280-64742,95308-35128** पर संपर्क करे। उन्होने कहा कि बच्चे के बारे में बताने वालों को नकद इनाम भी दिया जाएगा।

अशोकनगर में दार्शनिक हो गए सिंधिया, बोले- बिना कपड़े के आए थे, बिना कपड़े ही जाना है

एजेंसी

अशोकनगर। मध्य प्रदेश में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को अपनी पूर्व रियासत के जिलों की सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने अशोकनगर में कार्यकर्ताओं से सीधी बातचीत की। इस दौरान उनका दार्शनिक अंदाज भी सामने आ गया। अशोकनगर जिले में भाजपा के दो दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शामिल हुए। कार्यकर्ताओं से बातचीत में वे दार्शनिक अंदाज में नजर आए। उन्होंने कहा कि अध्यात्म में मेरा पूरा विश्वास है। व्यक्ति बिना कपड़ों के ही जन्म लेता है। फिर बिना कपड़ों के ही दुनिया से विदा हो जाता है। एक दिन हम सबको जाना है। एक दिन हम सबको जाना है। किसी को नहीं मालूम कि उसका बुलावा कब आने वाला है। यह केवल उस परवरदिगार को मालूम है। एक बात स्पष्ट है कि आप और हम इस दुनिया से जाएंगे और परवरदिगार के दरबार में जाएंगे तो वह नहीं पूछने वाला कि आप मंत्री रहे हैं या विधायक रहे हैं या कितने बार सांसद बने? वह यह जरूर पूछेगा कि मैंने तुम्हें पृथ्वी पर मौका दिया तो क्या तुम एक अच्छे इंसान बने? सिंधिया अशोकनगर जिले में दो दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। इसमें मुंगावली विधानसभा के पिपरई तहसील में तीन मंडल के कार्यकर्ताओं से टेबल पर जाकर मिले। मंच से सिंधिया ने कहा कि सिंधिया परिवार का लक्ष्य हमेशा से

क्षेत्र का विकास रहा है। इस लक्ष्य की पूर्ति करने मुंगावली की जनता ने सदैव अपना आशीर्वाद सिंधिया परिवार को दिया है। सौभाग्य मानता हूं मैं एक-एक पोलिंग बूथ के कार्यकर्ता के पास पहुंचा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि डबल इंजन की सरकार को आप सब पटरी से उतारना चाहते हैं क्या? वापस उन छोटे और बड़े भाई के हाथ में मध्य प्रदेश को देना चाहते हैं क्या? आपको लड़ाई लड़नी होगी। यह लड़ाई आप अपनी नहीं लड़ रहे हैं। यह लड़ाई बीजेपी को कुर्सी पर रखने की नहीं है। यह लड़ाई आप अपने माता-पिता के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए लड़ रहे हैं। यह लड़ाई आप अपने भाई-बहन के भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए लड़ रहे हैं। यह लड़ाई अपने परिवार और बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए लड़ रहे हैं। आप सबको लड़कर भाजपा को जीत दिलानी होगी। कांग्रेस में बड़ी विचित्र स्थिति है। पिछले कुछ दिन पहले मध्य प्रदेश का एक पूर्व मुख्यमंत्री और दूसरे पूर्व मुख्यमंत्री के बारे में कहता है कि मैंने अपनी पावर ऑफ अटॉर्नी इनके नाम कर दी है। मेरे नाम पर जितनी भी गालियां हैं, वह दे सकते हैं। क्या आपने कभी सुना है कि एक पूर्व मुख्यमंत्री मंच पर कह रहा हो कि मुझे जो गालियां देना चाहते हैं, वह इन्हें दे दें। एक पूर्व मुख्यमंत्री ने खुलेआम कह दिया कि जाकर उनके कपड़े फाड़ो। अगर एक पूर्व मुख्यमंत्री दूसरे पूर्व मुख्यमंत्री के बारे में यह कह रहा है तो यह अभी विपक्ष में है। भगवान मेरे, यदि इनकी सरकार आ गई तो मध्य प्रदेश की जनता को बचाना।

कोई अखिलेश-वखिलेश कहे तो यह उसका अहंकार है

जब चुनाव के समय अखिलेश यादव का प्रश्न किया गया तो कमलनाथ ने कहा कि अखिलेश वखिलेश की मुझे कोई चिंता नहीं है। यह पिछड़ा वर्ग की चिंता करेंगे। ठीक हो या गलत हो, अखिलेश यादव मुलायम सिंह के लड़के हैं। वे पिछड़ा वर्ग के नेता हैं। कोई व्यक्ति कहे कि अखिलेश-वखिलेश, तो जो अहंकार आ जाता है हमारे ग्रंथो में कहा गया है कि वह गड्ढे में गिर जाता है। यह गढ्ढा बनाया कांग्रेस ने ही है और हमने तो भरने का काम किया है।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर वनडे में हासिल की सबसे बड़ी जीत

कोहली के शतक के बाद जडेजा ने बरपाया कहर

एजेंसी

कोलकाता। भारत ने 243 रन से मैच को जीतकर बड़ा रिकॉर्ड बना दिया। उसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत हासिल की। टीम इंडिया ने पिछली बार अफ्रीकी टीम को 2003 में 153 रन से हराया था।

भारतीय टीम का विजयी अभियान विश्व कप में जारी है। उसने रविवार (पांच नवंबर) को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज दक्षिण अफ्रीका को बुरी तरह हरा दिया। विश्व कप के 37वें मुकाबले में भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 243 रन से जीत हासिल की। उनके अलावा रवींद्र जडेजा ने कातिलाना गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके। भारत अब अपने आखिरी लीग मैच में नीदरलैंड के खिलाफ 12 नवंबर को बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में उतरेगा।

भारत ने 243 रन से मैच को जीतकर बड़ा रिकॉर्ड बना दिया। उसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत हासिल की। टीम इंडिया ने पिछली बार अफ्रीकी टीम को 2003 में 153 रन से हराया था। इसके अलावा 2010 में ग्वालियर के मैदान पर भी 153 रन से ही हराया था।

कोहली ने बनाए नाबाद 101 रन

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 326 रन बनाए। भारत के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 101 रन विराट कोहली ने बनाए। उन्होंने वनडे में 49वां शतक लगाया और सचिन के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। श्रेयस अय्यर ने 77 और कप्तान रोहित ने 40 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए एडेन मार्करम को छोड़ सभी गेंदबाजों ने एक-एक विकेट लिया।

दक्षिण अफ्रीका के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके

इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम सिर्फ 83 रन बना सकी। सबसे ज्यादा 14 रन मार्को यानसेन ने बनाए। उनके अलावा डुसेन ने 13 रन और बावुमा-मिलर ने 11-11 रन बनाए। इनके अलावा कोई भी अफ्रीकी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने पांच विकेट लिए। मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज ने एक विकेट लिया।

कोहली मुश्किल समय में संभाली पारी

यह मैच विराट कोहली के शानदार शतक और रवींद्र जडेजा की कातिलाना गेंदबाजी के लिए याद किया जाएगा। इस जीत में पूरी टीम का योगदान अहम है, लेकिन इनदोनों ने अपना अलग प्रभाव छोड़ा। कोहली ने मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करते हुए विकेट को संभाले रखा। जब वह बल्लेबाजी के लिए आए तो भारत का स्कोर 5.5 ओवर में एक विकेट पर 62 रन था। 11वें ओवर में शुभमन गिल भी आउट हो गए। दो विकेट गिरने के बाद विराट को श्रेयस अय्यर का साथ मिला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी की। अय्यर 77 रन बनाकर आउट हुए। स्पिनरों की मददगार पिच पर अगर कोहली बीच में आउट हो जाते तो टीम इंडिया मुश्किलों में फंस जाती।

कोहली ने दिया सूर्या और जडेजा का साथ

कोहली के विकेट पर होने से सूर्यकुमार यादव और रवींद्र जडेजा को तेजी रन बनाने की छूट मिली। विराट को टीम मैनेजमेंट ने कह दिया था कि उन्हें टिककर खेलना है। कोहली ने वैसा ही किया। उन्होंने सूर्यकुमार के साथ 36 और रवींद्र जडेजा के साथ 41 रन की साझेदारी की। कोहली अंत 101 रन बनाकर नाबाद रहे। रवींद्र जडेजा ने नाबाद 29, शुभमन गिल ने 23 और सूर्यकुमार यादव ने 22 रन बनाए। केएल राहुल आठ रन बनाकर आउट हुए।

तेज गेंदबाजों के बाद छा गए जडेजा

भारतीय तेज गेंदबाजों ने एक बार टीम को शुरुआती ओवरों में सफलता दिलाई। मोहम्मद सिराज ने क्विंटन डिकॉक (पांच रन) को दूसरे ओवर में क्लीन बोल्ड कर दिया। इसके बाद अफ्रीकी टीम के विकेट लगातार गिरे। मोहम्मद शमी ने रसी वान डर डुसेन (13 रन) और एडेन मार्करम (नौ रन) को आउट किया। रवींद्र जडेजा ने अफ्रीकी कप्तान तेम्बा बावुमा (11 रन), हेनरिच क्लासेन (एक रन), डेविड मिलर (11), केशव महाराज (सात) और कगिसो रबाडा (छह) को आउट किया। कुलदीप यादव ने मार्को यानसेन (14) और लुंगी एंगिडी (शून्य) का शिकार किए। तबरेज शम्सी चार रन बनाकर नाबाद रहे।

अंक तालिका में शीर्ष पर भारत

भारत ने इस मैच को जीतकर दो अंक हासिल किए। उसके अब आठ मैचों में 16 अंक हो गए। वह अंक तालिका में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जाएगा। दक्षिण अफ्रीका को एक मैच अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। अगर वह जीत भी हासिल करता है तो 14 अंक के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश करेगा।

कोहली का 49वां

शतक देखने के लिए फोन-टीवी से चिपके दर्शक, 4.4 करोड़ लोगों ने एक साथ देखा मुकाबला

एजेंसी

कोलकाता। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता के ईडन गार्ड्न्स क्रिकेट स्टेडियम में विश्व कप 2023 का 37वां मैच खेला गया। इस मुकाबले का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। क्योंकि, दोनों टीमें इस टूर्नामेंट में शानदार लय में थीं और यह टेबल टॉपर बनने की जंग थी। मैच के दौरान पूरा स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा। जहां मैदान पर इस मैच का क्रेज बना रहा, वहीं ऑनलाइन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी इस महामुकाबले को रिकॉर्ड तादाद में लोगों ने लाइव देखा। विश्व कप के इस मुकाबले ने व्यूअरशिप के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। भारत-दक्षिण अफ्रीका का मैच 4.4 करोड़ लोगों ने एक साथ हॉटस्टार पर देखा। जब विराट कोहली ने वनडे में अपना 49वां शतक पूरा किया को दर्शकों की संख्या सबसे ज्यादा थी। इसी समय व्यूअरशिप के सारे रिकॉर्ड टूट गए। भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच में भारत-न्यूजीलैंड मैच का रिकॉर्ड टूटा। इसी टूर्नामेंट में भारत और न्यूजीलैंड का मैच 4.3 करोड़ लोगों ने एक साथ हॉटस्टार पर देखा था। इससे पहले 14 अक्तूबर को भारत-पाकिस्तान का मैच 3.5 करोड़ लोगों ने देखा था। विश्व मैचों के ब्रॉडकास्ट राइट्स स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के पास है। इसके अलावा फैंस डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 243 रन से हरा दिया। इसके साथ ही टीम इंडिया के अजेय रहने का सिलसिला जारी है। भारत लगातार आठ जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है और अब यह भी तय हो गया कि भारत शीर्ष पर ही रहेगा। वहीं, दक्षिण अफ्रीका को दूसरी हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, यह टीम भी पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, लेकिन यह हार दक्षिण अफ्रीका के मनोबल के लिए बेहद नुकसानदेह होगी। इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 326 रन बनाए। भारत के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 101 रन विराट कोहली ने बनाए। उन्होंने वनडे में 49वां शतक लगाया और सचिन के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। श्रेयस अय्यर ने 77 और कप्तान रोहित ने 40 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए एडेन मार्करम को छोड़ सभी गेंदबाजों ने एक-एक विकेट लिया। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम सिर्फ 83 रन बना सकी। सबसे ज्यादा 14 रन मार्को यानसेन ने बनाए। उनके अलावा डुसेन ने 13 रन और बावुमा-मिलर ने 11-11 रन बनाए। इनके अलावा कोई भी अफ्रीकी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने पांच विकेट लिए। मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज ने एक विकेट लिया।

हैप्पी बर्थडे विराट कोहली

विराट कोहली को जन्मदिन की शुभकामनाएं- विराट कोहली के 35वें जन्मदिन के अवसर पर, प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर भारत के इस महान बल्लेबाज के लिए विशेष शुभकामनाएं दीं। विराट कोहली के जन्मदिन की सोशल मीडिया शुभकामनाओं पर प्रतिक्रियाएँ ट्रेंड कर रही हैं, विराट

किंग कोहली के 35वें जन्मदिन पर विशेष शुभकामनाएं

कोहली उम्र 35 वर्ष से आगे IND vs SA मैच हैप्पी बर्थडे विराट कोहली- **किंग कोहली** के 35वें जन्मदिन पर विशेष शुभकामनाएँ विराट कोहली का 35वां जन्मदिन- भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका वनडे विश्व कप मैच से पहले पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली आज अपना 35वां जन्मदिन मना रहे हैं। विराट कोहली का जन्मदिन- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली आज अपना 35वां जन्मदिन मना रहे हैं। भारतीय सरजमीं पर खेले जा रहे आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 टूर्नामेंट में %किंग कोहली% के बल्ले से खूब रन निकल रहे हैं। विराट कोहली ने अब तक भारत के लिए सात वनडे वर्ल्ड कप 2023 मैच खेले हैं जिसमें उनके बल्ले से 442 रन निकले हैं. इसमें एक शतक और चार अर्धशतक भी शामिल हैं.

विराट कोहली के कट्टर प्रशंसक भारत के आगामी भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका एकदिवसीय विश्व कप 2023 मैच में उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं। अपने 35वें जन्मदिन पर, विराट कोहली का लक्ष्य सबसे अधिक एकदिवसीय शतकों के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी करके एक बड़ा मील का पत्थर हासिल करना है, एक ऐसा रिकॉर्ड जिसे भारत के पूर्व कप्तान कोलकाता के ईडन गार्डन्स में भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 मैच में हासिल कर सकते हैं। विराट कोहली के 35वें जन्मदिन के अवसर पर, प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर भारत के इस महान बल्लेबाज के लिए विशेष शुभकामनाओं की बाढ़ ला दी। उनमें से कुछ यहां हैं। जब आप एक ऐसे युवा खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल हुए जो अवसरों के लिए उत्सुक था और प्रदर्शन करने के लिए भूखा था, तो यह सभी के लिए स्पष्ट था कि आप महानता के लिए किस्मत में थे। आपने न केवल अपनी पहचान बनाई है बल्कि अनगिनत अन्य लोगों को भी उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया है।

कोई नहीं है टक्कर में! भारत ने मजबूत टीम साउथ अफ्रीका को चटाई धूल

प्वाइंट्स टेबल का ये है ताजा हाल

एजेंसी

नई दिल्ली। आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 का 37वां मैच भारत और साउथ अफ्रीका के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला गया। इस मैच में भारत ने 243 रन से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम विश्व कप 2023 की प्वाइंट्स टेबल के नंबर 1 स्थान पर 18 अंक के साथ मौजूद है। नई दिल्ली, स्पोर्ट्स डेस्क। Team India World Cup 2023 Points table । आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 का 37वां मैच भारत और साउथ अफ्रीका के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला गया। इस एकतरफा मैच में भारत ने 243 रन से जीत हासिल कर इस विश्व कप की लगातार आठवीं जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम विश्व कप 2023 की प्वाइंट्स टेबल के नंबर 1 स्थान पर 18 अंक के साथ मौजूद हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने 49वां शतक जड़ा और उनकी पारी के दम पर भारत ने 326 रन बनाए। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 27.1 ओवर में 83 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। रवींद्र जडेजा ने मैच में साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों को ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिकने दिया। जडेजा ने सबसे ज्यादा 5 विकेट झटके और मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव को 2-2 सफलता मिली। टीम इंडिया ने 20 साल बाद किसी विश्व कप में लगातार आठवीं जीत दर्ज की। इससे पहले भारत ने यह कमाल साल 2003 विश्व कप में किया था। ऐसे में ऐतिहासिक जीत के बाद विश्व कप 2023 की प्वाइंट्स टेबल का क्या है ताजा हाल आइए जानते हैं इस आर्टिकल के जरिए।

जानिए भारत की जीत के बाद प्वाइंट्स टेबल का हाल

दरअसल, विश्व कप 2023 की प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर भारत की टीम 18 अंक के साथ मौजूद हैं। टीम इंडिया ने विश्व कप 2023 की लगातार आठवीं जीत दर्ज की।दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका की टीम है, जिन्होंने अभी तक 8 मैच खेलते हुए 2 मैचों में हार का सामना कर लिया है। वह 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम, जिन्होंने अभी तक खेले गए 7 मैचों में से 5 में जीत हासिल की है। वह 10 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में नंबर-3 पर मौजूद है। नंबर 4 पर न्यूजीलैंड की टीम है, जिन्होंने शुरुआती 4 मैचों में जीत हासिल की, लेकिन इसके बाद 4 मैचों में हार भी झेली। वह अब 8 अंक से साथ इस स्थान पर विराजमान है। नंबर 5 पर पाकिस्तान की टीम है, जिन्होंने 8 मैचों में से 4 मैच जीतकर 8 अंक और +0.036 की नेट रन रेट हासिल किया है। नंबर 6 पर अफगानिस्तान की टीम, जिनके पास भी 8 अंक हैं, लेकिन उनका नेट रन रेट पाकिस्तान से कम है। नंबर 7 पर श्रीलंका की टीम, जिन्होंने 2 मैचों में हार और 5 मैचों में जीत हासिल की है। नंबर 8 पर नीदरलैंड्स, नंबर 9 पर बांग्लादेश और नंबर-10 पर इंग्लैंड की टीम है। बांग्लादेश और इंग्लैंड की टीम विश्व कप 2023 से बाहर हो चुकी है।

भारतीय टीम ने 20 साल बाद दोहराया इतिहास, स्थ्रह्लह्ल्द्ध द्धह्लद्धष्ठ्ठ को रौंदकर वर्ल्ड कप में कर दिखाया ये कमाल

भारतीय टीम ने आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के 37वें मैच में साउथ अफ्रीका को 243 रन से हराकर इस विश्व की लगातार आठवीं जीत हासिल की। भारत की इस मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही कमाल की रही। कोहली के रिकॉर्ड 49वें शतक के दम पर भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी और 50 ओवर में 5 विकेट पर 326 रन बनाए।

IND vs SA: Team India ने 20 साल बाद दोहराया इतिहास

भारतीय टीम ने आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के 37वें मैच में साउथ अफ्रीका को 243 रन से हराकर इस विश्व की लगातार आठवीं जीत हासिल की। भारत की इस मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही कमाल की रही। विराट कोहली के रिकॉर्ड 49वें शतक के दम पर भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी और 50 ओवर में 5 विकेट पर 326 रन बनाए। किंग कोहली का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने अपने जन्मदिन को बेहद ही यादगार बनाते हुए 101 रन की नाबाद शतकीय पारी खेली। वहीं, उनके अलावा श्रेयस अय्यर ने 77 रन बनाए। इसके जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम ने 27.1 ओवर में 83 रन बनाकर ढेर हो गई। भारतीय टीम की तरफ से रवींद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। मोहम्मद शमी को 2 और कुलदीप को भी 2 सफलता मिली। इस मैच में जीत हासिल कर भारत ने 20 साल बाद वर्ल्ड कप में एक गजब का कारनामा कर दिखाया। दरअसल, भारतीय टीम ने 20 साल बाद वर्ल्ड कप में लगातार आठवीं जीत हासिल की हैं। इससे पहले टीम इंडिया ने साल 2003 विश्व कप में 8 मैच मेंलगातार 8 मैच जीते थे। इस मामले में ऑस्ट्रेलियाई टीम सबसे टॉप पर हैं।

जिन्होंने साल2003, 2007 में लगातार 11 मैच जीते हैं। वहीं, भारतीय टीम ने इस विश्व कप में लगातार आठ मैच जीतने के मामले में न्यूजीलैंड की बराबरी की, जिन्होंने ये कमाल 2015 विश्व कप में किया था।ज

Virat Kohli ने जड़ा 49वां शतक, महान सचिन तेंदुलकर की बराबरी की

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में रिकॉर्ड 49वां शतक जड़ा। कोहली ने वनडे करियर का 49वां शतक जड़ा। उन्होंने 101 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसमें 10 चौके लगाए। इस दौरान उन्होंने महान सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की। वहीं, रोहित शर्मा ने 24 गेंदों पर 40 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। श्रेयस अय्यर ने भी 77 रन बनाए। वहीं, रवींद्र जडेजा 15 गेदों पर 29 रन बनाकर नाबाद रहे।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित। RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।